

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 13 फरवरी 2025 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-1 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-314 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 फरवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**रायगढ़,13 फरवरी।** सड़क हादसे में दो युवकों की मौत होने से गांव में मातम पसर गया है. तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को मारी ठोकर, जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. यह हादसा देर रात नेतनागर ग्राम के पास हुआ. घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन सहित फरार हो गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. जानकारी के मुताबिक, दोनों युवक ग्राम नेतनागर के रहने वाले थे. इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है. हादसे को लेकर ग्रामीण आज चक्काजाम कर सकते हैं. जुट मिल पुलिस घटना की जांच में जुटी है.

### जिला मेडिकल कॉलेज परिसर में आग

**कोरबा,13 फरवरी।** जिला मेडिकल कॉलेज परिसर में अचानक आग लग गई। कॉलेज परिसर के पीछे स्थित मेडिकल वेस्ट साइट में आग लगने से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया।घटना की जानकारी मिलते ही मरचुरी के कर्मचारी दामोदर ने तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचित किया। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। आग की लपटें तेजी से फैल रही थीं और पास में स्थित सुलभ शौचालय की ओर बढ़ रही थीं। अगर समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो यह एक बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती थी। प्रारंभिक जांच में आग लगने के पीछे असामाजिक तत्वों का हाथ होने की आशंका जताई गई है। गर्मी के मौसम में आग की घटनाएं आम हो जाती हैं, जिससे जान-माल का भारी नुकसान होता है। जिले में इस तरह की आपात स्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न संस्थानों जैसे नगर पालिका निगम, छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन कंपनी, एनटीपीसी, एसईसीएल, आईओसी और बाल्को के पास दमकल वाहन उपलब्ध हैं।

### फ्रांस के राष्ट्रपति को भेंट में मोदी ने दी छत्तीसगढ़ की कलाकृति

**नई दिल्ली,13 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने फ्रांस दौरे के दौरान छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को दुनिया भर में पहचान दिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य ने प्रधानमंत्री मोदी का दिल जीत लिया है। दौरे के बाद पीएम कई बाद प्रदेश की तारीफ कर चुके हैं। अब प्रदेश की चर्चा फ्रांस तक हुई है। दरअसल, फ्रांस से लौटते वक्त उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध डोकरा आर्ट को दर्शाती एक कलाकृति भेंट की। यह कलाकृति भारतीय कला और संस्कृति को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

### अमेरिका में मोदी का भारतीयों ने किया जोरदार स्वागत

**वाशिंगटन,13 फरवरी।** फ्रांस की 3 दिवसीय यात्रा खत्म करने के बाद बुधवार (12 फरवरी) देर रात पीएम नरेंद्र मोदी अमेरिका पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी व्हाइट हाउस मेंअमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी और ट्रंप के बीच होने वाली वार्ता में विशेष रूप से व्यापार, रक्षा और ऊर्जा सहयोग जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी। साथ ही आतंकवाद, भारत-प्रशांत क्षेत्र, चीन, HvB वीजा और गैंगस्टर जैसे मुद्दों पर भी बात हो सकती है। इससे पहले पीएम मोदी का वाशिंगटन में भव्य स्वागत हुआ। पीएम मोदी वाशिंगटन डीसी में ब्लेयर हाउस में रुके हुए हैं, देश में पहुंचने के बाद पीएम होटल जा रहे थे, लेकिन होटल की तरफ बढ़ने से पहले उन्होंने यहां मौजूद भारतीयों से मुलाकात की। पीएम को देखने के लिए उन से मुलाकात करने के लिए लोग उत्साहित थे। कपकपाती ठंड में भी लोगों का उत्साह और जोश देखते ही बन रहा था। हर तरफ मोदी-मोदी के नारे लगाए जा रहे थे।प्रधानमंत्री मोदी ने भी लोगों को निराश नहीं किया और लोगों के पास जाकर उनसे मुलाकात की।

## 60 लाख की डकैती मामले में 10 गिरफ्तार

**रायपुर,13 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजधानी के अनुपम नगर में 60 लाख रुपए की डकैती मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. देर रात रायपुर पुलिस दुर्ग और राजनांदगांव से आरोपियों को पकड़कर रायपुर लेकर आई है. बताया जा रहा कि शातिर आरोपी डकैती की रकम का बंटवारा करने के लिए छुपे थे. जमीन विवाद में डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया था.

डकैतों के लोकेशन की लीड मिलते ही देर रात एडिशनल एसपी, और प्रभारी परेश पांडे के नेतृत्व में 60 सदस्यीय 10 अलग-अलग टीमें रवाना की गई थी. घेराबंदी कर डकैतों को दुर्ग और राजनांदगांव से गिरफ्तार कर सुबह 6 बजे टीम रायपुर पहुंची. देर शाम आईजी अमरेश मिश्रा पूरे मामले का खुलासा करेंगे. बता दें कि नगरीय निकाय चुनाव के दिन रायपुर के अनुपम नगर में दिनदहाड़े एक घर में मिलिट्री ड्रेस में आरोपी घुसे थे. डकैतों ने परिवार वालों को हथियार के दम पर बंधक बनाया और 60 लाख रुपए लेकर फरार हो गए थे. बदमाशों ने खुद को 'लाल सलाम गैंग' का सदस्य बताया था. पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे थे. शहर में नाकेबंदी कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी. डकैती मामले में रायपुर पुलिस को पीड़ितों से पूछताछ में कुछ अहम सुराग मिले थे. पीड़ित परिवार ने पिछले दिनों आर्मी ऑफिस में शिकायत की थी. पुलिस सूत्रों के मुताबिक जानकारी मिली थी, जिस घर में डकैती हुई है उस घर का आर्मी से पुराना नाता रहा है. वो इसलिए क्योंकि पीड़ित के पापा आर्मी से रिटायर्ड हुए थे. डकैतों ने घर में घुसते हुए पहले परिजनों से ये पूछा था कि आपने आर्मी में कोई शिकायत की है ? जिसके बाद घर में मौजूद सदस्यों ने इसका जवाब हां में दिया, फिर वे अंदर गए. पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में ये बात भी सामने आई थी कि घर के एक सदस्य का उनसे पुराना पारिवारिक विवाद रहा है और वो काफी वर्षों से अलग रहते हैं.

# भारी हंगामे के बीच राज्यसभा में वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट पेश

**नई दिल्ली,13 फरवरी।** संसद बजट सत्र के अंतिम दिन आज विपक्ष के भारी हंगामे के बीच राज्यसभा में वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट पेश कर दिया गया है। बीजेपी सांसद मेधा विश्राम कुलकर्णी ने वक्फ पर जेपीसी रिपोर्ट राज्यसभा में पेश किया। उच्च सदन ने रिपोर्ट को स्वीकार भी कर लिया है। विपक्षी सदस्यों ने वक्फ बिल को वापस लेने की मांग करते हुए इसे अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला बताया है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिल को फिर से जेपीसी के पास भेजने की मांग की। बिल पेश करने के दौरान विपक्षी सदस्यों ने भारी हंगामा किया। विपक्ष के हंगामे के कारण सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही 11 बजकर 20 मिनट तक के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। हालांकि थोड़ी देर बाद राज्यसभा की कार्यवाही फिर से शुरू हो गई है। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आपकी सलाह हम मानते हैं। यही तरीका उधर वाले भी मान गए तो हम समझते हैं कि नड्डा साहब अपने सदस्यों को बड़ा कंट्रोल में रखा है। खड़गे ने कहा कि वक्फ बिल पर हमारे अनेक सदस्यों ने डिसेंट नोट्स दिए हैं। उनको प्रॉसीडिंग से निकालना अलोकतांत्रिक है. जितने लोगों ने डिसेंट नोट्स दिए हैं, क्या उनमें से कोई पढ़ा-लिखा नहीं है। आपको उसे अपनी रिपोर्ट में डालकर बोलना चाहिए। उसको डिलीट करके आप रिपोर्ट दे रहे हैं। ऐसी फर्जी रिपोर्ट को हम नहीं मानते, सदन कभी नहीं मानेगा। खड़गे ने आगे कहा कि आप डायरेक्शन दीजिए और सभी डिसेंट नोट्स को शामिल करके रिपोर्ट पेश कीजिए। जो स्टेकहोल्डर्स नहीं हैं, उनको बाहर से बुला-बुलाकर उनके व्यूज लिए गए। मेंबर्स एजिटेट क्यों होते हैं, वे अपने परिवार के लिए नहीं पूरे समाज के लिए परेशान होते हैं। ये संविधान के विरुद्ध ऐसी चीजें होती हैं तो ऐसे ही गड़बड़ होता है। लोग प्रोटेस्ट करते हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा नड्डा साहब पुराने नेताओं को सुनते हैं। आपका इंफ्लूएंस भी हैं। आप इसे जेपीसी को भेजिए और संवैधानिक तरीके से फिर लाइए, हम देखेंगे। उन्होंने सभापति जगदीप धनखड़ से कहा कि आप इस रिपोर्ट को रिफ्यूज भी कर सकते हैं। कई राज्यों के गवर्नर भी करते हैं।

# राज्यपाल, सीएम, विस अध्यक्ष,विधायक समेत 177 लोगों ने किया महाकुंभ में स्नान

**रायपुर ,13 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

- जिनकी तकदीर में नहीं वो कुंभ नहीं जा रहेः रमन सिंह
- बृजमोहन,मूणत,अजय नहीं गये,6 कांग्रेस विधायकों ने भी लगाई डुबकी

राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, कैबिनेट के मंत्री, बीजेपी के विधायक, सांसद और कांग्रेस के 6 विधायक आज प्रयागराज महाकुंभ जा रहे. कुल 177 लोग महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाएंगे. एयरपोर्ट पर महाकुंभ नहीं जाने वाले कांग्रेस नेताओं पर तंज कसते हुए डॉ. रमन सिंह ने कहा, जिनके तकदीर में नहीं है वो कुंभ नहीं जा रहे हैं. तकदीर वाला ही कुंभ जा रहा है. तकदीर डॉ. रमन सिंह नहीं लिख सकता, जिनके तकदीर में नहीं है वो खारून में डुबकी लगा सकते हैं.

महाकुंभ जाने वालों में रामेन डेका, विष्णुदेव साय, कौशल्या साय, वीणा सिंह,डॉ रमन सिंह, सुबोध कुमार सिंह, उमेश अग्रवाल अरूण बिसेन,डॉ. रूपल पुरोहित, निशांत कुमार सुनील शर्मा, तोखन साहू, पवन साय, अजय जामवाल, अमीश साव, अरुण साव, मीना साव, शांति कश्यप, केदार कश्यप, धरमलाल कौशिक, किरण देव सिंह,कु राशि देवी सिंह,मिस सरोज पांडे, । रेणुका सिंह कांति जयसवाल, श्यामबिहारी जयसवाल, रामविचार नेताम, पुष्पा नेताम, निशा सिंह नेताम, अमला बघेल, दयालदास बघेल, लखनलाल देवांगन, गौरीशंकर अग्रवाल, टंकराम वर्मा, किरण वर्मा, रामप्यारी उसेण्डी, विक्रम उसेंडी, पुन्नूलाल मोहले, भैयालाल राजवाड़े, धर्मजीत सिंह, शशि सिंह, रेखा पांडे, संतोष पांडे, महेश कश्यप, राजेंद्र सिंह, प्रेम प्रकाश पांडे, कृष्णावती पांडे, रजनी बघेल, विजय बघेल, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, राजेश अग्रवाल, पुरन्दर मिश्र, सरस्वती मिश्रा5, स्वप्ननीलव डेका, मुनीन्द्र चन्द्र डेका, सौरभ वास्तव, निखिल साहू, ओमप्रकाश चौधरी, रूप कुमारी चौधरी, तिमिरेन्दु शेक,कान्त शर्मा जी, तोशेन्द्र देव सै,विदुषी सिंह, ऐश्वर्या सिंह, अभिषेक सिंह, बालेश्वर साहू, दलेश्वर साहू, जय



दलेश्वर साहू, सुनील सोनी, राम कुमार यादव, नूतन बाई नाग, भोजराज नाग, रवि मिश्रा, सुधा मिश्रा,प्रियंका गर्ग, सुयश अग्रवाल, प्रबोध मिंज, चिंतामणि महाराज, रविकला, दीपेश साहू, देवेन्द्र प्रताप सिंह, भवानी देवी सिंह, कमलेश जांगड़े, शैलेश आनंद, गुरु खुशवंत साहब, आशाराम नेताम, विनायक गोयल, ललित चंद्राकर, मीना चंद्राकर,चा सेन, रिकेश सेन, दिलेश्वर कश्यप, चेतराम अटामी मल्लिका, पल्लवी सिंह, राघवेन्द्र सिंह, इंद्र साव, पीयूष सिंह, व्यास कश्यप, सूरज काशी, विद्यावती सिदार, कुंजबिहारी सिदार, नितिन



प्रणव कुमार मार्पाची, विक्रम सिसौदिया, योगेश्वर राजू सिन्हा, कीर्ति शोदिया, प्रिया सिन्हा, अग्रवाल,धीरेंद्र तिवारी, सौरभ सिंह,एम.एन. आरती सिंह,कु अद्विका शुक्ला, छाया शुआला, सुशांत शुक्ला, पंकज हा, भूपेन्द्र सवन्नी, कमल जीत सवन्नी, कांति साहू इंद्रकुमार साहू, सुमित उपाध्याय,सुभाष राज, संपत अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, भुवनेश्वरी सकु रोहित साहू, तुलसी कौशिक, देहुति शर्मा, अनुज शर्मा, स्मिता शर्मा, रेणुका यादव, गजेन्द्र यादव, दीपक अंधारे, किशोर कुमार सिंह, मोतीलाल साहू, रूपा साहू, शशि बाई साहू, ईश्वर साहू,मिथलेश शर्म्स, प्रशांत सोनी, शेष कुमार साहू, संतोष कुर्रे, प्रहलाद मरकाम, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर,। मनोरमा शर्मा, दिनेश शर्मा,डॉ विनीत वास्तव, सजीश कुमार एस, कामता सिंह दीवान, सुरेश चोपड़ा, गंगा यादव,कंचन जायसवाल, आलोक सिंह, शेषगिरि राव, अशोक चंद्रवंशी, आनंद सागर सिंह,ऋषिका सिंह प्रीति देवता, वेदप्रकाश साहू, प्रवेश पांडे, नरेश खापर्डे, गौरव शास्त्री, होरीलाल सिन्हा, अंकुश राज, सबेरा शर्मा, सतीश साहू, नरेन्द्र पाटनवार, सुनील गुप्ता, मयूर पटेल, दयालचंद सोनी,धोलराज जी, रामस्वरूप साहू, शिव नारायण पाल, जय प्रकाश यादव, सूरजभान पैंकरा शामिल हैं।

### 'मेरी झोपड़ी के भाग आज जाग जाएंगे...' सीएम विष्णुदेव ने गाया भजन

प्रयागराज एयरपोर्ट से बस द्वारा सभी मेला क्षेत्र पहुंचे. इस दौरान बस में सीएम साय समेत सभी ने 'राम आएंगे' भजन गाया. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा आज छत्तीसगढ़ का मंत्रिमंडल, विधानसभा अध्यक्ष, कांग्रेस के भी विधायक सभी प्रयागराज जा रहे हैं. संगम में स्नान कर सभी पुण्य के भागी बनेंगे. मां गंगा से छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए कामना करेंगे.

## कुछ लोग देश को तोड़ने की कोशिश में लगे हैं : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली,13 फरवरी।** वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट पेश की गई और बाद में विपक्ष के भारी विरोध के बीच राज्यसभा ने इसे स्वीकार कर लिया। हालांकि, इसको लेकर विपक्ष का हंगामा जारी है। विपक्ष के नेता और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष फर्जी रिपोर्टों को स्वीकार नहीं करेगा जो हमारे विचारों को कमजोर करती हैं। कांग्रेस प्रमुख ने मांग की कि रिपोर्ट को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को वापस भेजा जाए और दोबारा पेश किया जाए। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्ष पर पलटवार किया है। उन्होंने कांग्रेस पर देश विरोधी तत्वों का समर्थन करने का आरोप लगाया। नड्डा ने कहा कि आज प्रातः से आपने (सभापति जी ने) विपक्ष को पूरा मौका दिया है और ये चाहा कि उनके सारी चिंताओं पर यहां चर्चा हो। लेकिन, विपक्ष का उद्देश्य चर्चा करना नहीं, बल्कि राजनीतिक दृष्टि से अपना अंक स्कोर करना है। संसदीय कार्य मंत्री ने सदन को बताया है कि रिपोर्ट से कोई भी बात हटाई नहीं गई है। फिर भी विपक्ष ने बहुत गैर जिम्मेदाराना व्यवहार किया है, ये तुष्टिकरण की राजनीति है। उन्होंने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि कुछ लोग देश को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं और जो लोग देश को खंडित करने का काम कर रहे हैं, कांग्रेस और विपक्ष उनके हाथ मजबूत करने का काम कर रहे हैं। बह सदन की कार्यवाही आरंभ होने के कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मेधा विश्राम कुलकर्णी ने समिति की रिपोर्ट सदन में पेश की। रिपोर्ट पेश होते ही कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस,



समाजवादी पार्टी और वामपंथी दल सहित कुछ अन्य दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरु कर दिया। हंगामा कर रहे सदस्य आसन के निकट आ गए और नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच ही सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वह राष्ट्रपति का एक संदेश सदन में पेश करना चाहते हैं। उन्होंने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थानों पर लौट जाने और सदन में व्यवस्था बनाने की अपील की। हालांकि, इसके बावजूद हंगामा जारी रहा। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कुछ कहना चाहते थे लेकिन सभापति ने इसकी अनुमति नहीं दी। धनखड़ ने कहा कि भारत की प्रथम नागरिक और राष्ट्रपति पद पर आसीन पहली आदिवासी महिला का संदेश है यह और इसे सदन में पेश न होने देना उनका अपमान होगा।

## खेत से 361 पेटी शराब जब्त



**दुर्ग,13 फरवरी।** पंचायत चुनाव के माहौल में जीत के लिए शराब बांटने का प्रचलन तेजी से चल रहा है, जिसपर जिला प्रशासन की टीम लगातार कार्रवाई नकेल कसने का काम कर रही है. वहीं दुर्ग जिले के डांडेश्वर गांव में ऐसी ही साजिश का पर्दाफाश हुआ है. धान के खेतों के बीच छिपाकर रखे गए 361 पेटी शराब को जब्त किया है. साथी दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है. यह मामला नगपुरा चौकी क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, दुर्ग जिले के ग्राम डांडेश्वर में पुलिस ने पंचायत चुनाव में खपाने के लिए धान के खेतों के बीच छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में शराब की जब्ती की है. पुलिस ने देर रात करीब 3 बजे पुलिस ने छापेमारी कर 361 पेटी शराब बरामद की है. इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इन आरोपियों में से एक धनराज निषाद डांडेसरा और दूसरे विजय निषाद नगपुरा के निवासी हैं.

# मां ने नवजात को बाथरूम से बाहर फेंका

**दुर्ग,,13 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

दुर्ग जिले में नवजात शिशु से जुड़ा दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां खुद मां ने अपने शिशु को जन्म के बाद फेंक दिया और बच्चे के नाजायज पिता ने ही शिशु को झाड़ियों में मिले होने की बात कहकर जिला अस्पताल में भर्ती करवा दिया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। दो दिन पहले दो युवकों ने एक जिंदा नवजात शिशु को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने अस्पताल को बताया कि शिशु उन्हें रेलवे पटरी के किनारे झाड़ियों में रोते हुए पड़ा मिला था। मोहन नगर पुलिस ने दोनों युवकों गुरुदर्शन सिंह संधू और यश साहू के बयान पर मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। मामला संवेदनशील होने के कारण पुलिस के आला अधिकारियों ने टीम बनाकर जांच शुरू की। दोनो ही युवकों पर संदेह होने पर बारीकी से पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया।

उन्होंने पुलिस ने बताया कि गुरुदर्शन सिंह का



प्रेम संबंध शीतल साहू से डेढ़ साल से था। इसके बाद वह गर्भवती हो गई, लेकिन गुरुदर्शन सिंह पहले से ही शादीशुदा था। इस वजह से बह बच्चे को अपनाने में आनाकानी कर रहा था। युवती ने अपने ही घर पर ही बच्चे को जन्म दिया और नारफुल सहित खिड़की के बाहर फेंक दिया था, लेकिन आरोपी गुरुदर्शन सिंह ने उस शिशु को उठाकर अपने साथी के साथ जिला अस्पताल पहुंच कहानी गढ़ने लगा। पुलिस ने युवती सहित दोनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 93 के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया है। दुर्ग सीएसपी प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि मामला सामने आने के बाद पुलिस ने नवजात शिशु को अस्पताल पहुंचने वाले युवकों से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने बताया कि आरोपी गुरुदर्शन का प्रेमी शीतल ने नवजात बालक को जन्म देने के बाद घर के बाथरूम की खिड़की से बाहर फेंक दी थी। इसके बाद इसकी जानकारी गुरु दर्शन सिंह को दी। आरोपी ने अपने दोस्त यश साहू के साथ मिलकर नवजात बच्चे को अस्पताल में ले जाकर भर्ती करा दिया। झाड़ियों में रोते हुए मिलने की बात कही थी। इस मामले में दो युवक समेत एक युवती को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## बिजली विभाग के इंजीनियर से 5 लाख की ठगी

**दुर्ग ,13 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

दुर्ग जिले में पदस्थ CSPT-CL का इंजीनियर अनिल मैथ्यु ऑनलाइन साइबर ठगी का शिकार हो गया है। उसके ICICI बैंक के खाते से अचानक 5 लाख रुपए पार हो गए। इस मामले में स्मृति नगर पुलिस ने मामला दर्ज किया है और जांच कर रही है। सुपेला थाना अंतर्गत आने वाली स्मृति नगर चौकी के प्रभारी गुरविंदर संधू ने बताया कि अनिल मैथ्यु नाम के व्यक्ति ने उसके साथ ऑनलाइन ठगी होने का मामला दर्ज कराया है। उसने बताया कि वो छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड जामुल भिलाई में सहायक यंत्री के पद पर पदस्थ है और सड़क नंबर 1 पुष्पक नगर दुर्ग में रहता है। उसने बताया कि नेहरू नगर स्थित ICICI बैंक की ब्रांच में उसका और उसकी पत्नी एलिजाबेथ के नाम से संयुक्त खाता है। 5 जनवरी को सहायक की यंत्री अनिल के मोबाइल पर शाम 4 बजे एक ओटीपी का मैसेज आया था। कुछ देर बाद ही उसके खाते से 5 लाख 29 रुपए किसी दूसरे के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर होने का मैसेज आया। जबकि उसने कोई ऑनलाइन ट्रांजेक्शन नहीं किया है। मैथ्यु ने तुरंत बैंक के कस्टमर केयर में फोन किया और उन्हें गलत ट्रांजेक्शन होने की जानकारी दी। कस्टमर केयर से उसे कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। वो कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव से बात ही कर रहा था कि उसके फोन पर 5 लाख 29 रुपए कटने का मैसेज आया।

# हाईकोर्ट ने महिला को कहा रखैल तो भड़का सुप्रीम कोर्ट


**नई दिल्ली,13 फरवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश पर आपत्ति जताई, जिसमें एक महिला के लिए अवैध पत्नी और वफादार रखैल जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। अदालत ने कहा कि यह उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है और महिला विरोधी टिप्पणी है। जस्टिस एएस ओक, जस्टिस एहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह बॉम्बे हाईकोर्ट का साल 2003 में दिया गया एक फैसला पढ़ रहे थे। उस दौरान उन्हें ये शब्द मिले और न्यायाधीशों ने आपत्ति दर्ज कराई। बेंच ने कहा,



दुर्भाग्यवश, बंबई उच्च न्यायालय ने अवैध पत्नी जैसे शब्द का इस्तेमाल करने की कोशिश की। हैरानी की बात यह है कि उच्च न्यायालय ने 24वें पैराग्राफ में ऐसी पत्नी को वफादार रखैल बताया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी पाया कि उच्च न्यायालय ने अमान्य विवाह के पतियों के मामले में ऐसे किसी शब्द का इस्तेमाल नहीं किया है। कोर्ट ने कहा, एक महिला के बारे में इन शब्दों के जरिए बताना हमारे संविधान के आदर्शों और भावना के खिलाफ है। अमान्य शादी में पार्टी एक महिला के बारे में कोई भी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं कर सकता। दुर्भाग्य से हमें ऐसी आपत्तिजनक भाषा हाईकोर्ट के फुल बेंच के फैसले में मिली है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जिस महिला का विवाह अमान्य घोषित कर दिया गया था, उसे अवैध पत्नी कहना बहुत अनुचित था और इससे उसकी गरिमा को ठेस पहुंची। शीर्ष अदालत हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 24 और 25 के उपयोग पर परस्पर विरोधी विचारों से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। अधिनियम की धारा 24 मुकदमे के लंबित रहने तक भरण-पोषण और कार्यवाही के खर्च से संबंधित है, जबकि धारा 25 में स्थायी गुजारा भत्ता और भरण-पोषण का प्रावधान है।

## बृजमोहन, अजय, ओपी, मूणत की तकदीर का क्या?: भूपेश

**रायपुर,13 फरवरी।** सीएम, मंत्री, सांसद और विधायकों के महाकुंभ दौरे को लेकर अब जुबानी जंग शुरू हो गई है. महाकुंभ नहीं जाने को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, मेरे जीवन की पहली यात्रा ही प्रयागराज रही. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के तकदीर वाले बयान पर बघेल ने तंज कसा है. उन्होंने कहा, ओपी चौधरी, विजय शर्मा, बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर, राजेश मूणत भी प्रयागराज नहीं जा रहे हैं, इनकी तकदीर का क्या ? किस्मत ऊपर वाले के हाथ में है. किसको बुलाते हैं, किसको नहीं, उनके ऊपर है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, मेरी आस्था पूरी है. मेरे जीवन की पहली यात्रा ही प्रयागराज रही. संगम में बीच में जाकर नाव से कूदा था तब मैं 5 साल का था. मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और विधायकों के प्रयागराज दौरे को लेकर उन्होंने कहा, ऐसे पर्व में जब बहुत ज्यादा भीड़ रहे तो



वीआईपी लोगों को अवॉइड करना चाहिए. वीआईपी मूवमेंट से काफी ज्यादा अव्यवस्था होती है. भूपेश बघेल ने कहा, जनता के आशीर्वाद से हमें सुविधा मिली है, हम कभी भी जा सकते हैं. जब गंगा मइया बुलाएंगे तब हम पहुंच जाएंगे. गंगा नहाने गए और मन का मेल नहीं धुला तो क्या फायदा. अपने दिल्ली दौरे को लेकर भूपेश बघेल ने कहा, सभी वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करने जा रहे हैं.

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत



**भिलाई, 13 फरवरी।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के नंदिनी एरोड्रम के समीप ग्राम अहेरी के पास कार एवं बाइक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई नंदिनी पुलिस के द्वारा आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर नंदिनी पुलिस ने बताया कि मृतक के एम सोमेश पिता मोहन 26 वर्ष निवासी नंदिनी अहिवारा अपनी बाइक क्रमांक सीजी 07 क्रू7535 से घर जा रहा था नंदिनी एरोड्रम के समीप ग्राम अहेरी के पास सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 07श्व 2252 के साथ जबरदस्त भिड़ंत हो गई टक्कर इतनी जबरदस्ती की बाइक के पर कच्चे उड़ गए जबकि बाइक सवार सोमेश की घटना स्थल पर ही मौत हो गई सूचना पर नंदिनी थाने पुलिस के द्वारा आरोपी कर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### वैन से कुचली गई बच्ची

**भिलाई, 13 फरवरी।** भिलाई मासूम बच्ची को गोद में लेकर मां अपनी दो बड़ी बेटियों को स्कूल वैन में बैठाने आई थी मां ने कुछ पल के लिए उसे गोद से उतारा तो बच्ची दौड़ते हुए वैन के सामने चली गई इस बीच वैन चालक ने गाड़ी आगे बढ़ा दी, जिससे बच्ची की मौके पर मौत हो गई घटना से जायसवाल परिवार में मातम पसरा हुआ है घटना बुधवार सुबह साढ़े सात से लेकर आठ बजे के बीच की है वैन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है सुपेला पुलिस ने बताया कि चंद्रपाल जायसवाल की मामी विभा जायसवाल अपने तीन बच्चों के साथ आनंद चौक कांट्रेक्टर कालोनी में रहती है मामा श्रवण जायसवाल काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं मामी की तीन बेटियां हैं, जिसमें दो कृष्णा विद्यालय रामनगर में पढ़ती हैं। दोनों वैन से स्कूल जाती हैं सुबह मामी दो साल की अंशिका को गोद में लेकर दोनों बच्चियों को वैन तक छोड़ने आई थी इसके कारण मामी विभा ने कुछ पल के लिए अंशिका को गोद से उतारा था तभी अचानक आंशिका वैन के सामने चली गई और चालक देख नहीं पाया और उसने गाड़ी चला दी मौके पर मौजूद लोगों ने बुरी तरह से घायल बालिका अंशिका को अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मासूम का शव परिजनों को सौंप दिया है ।



### टेंट का फ्रेम गिरने से कई घायल



**भिलाई, 13 फरवरी।** भिलाई सेक्टर -5 में श्री सिद्धि विनायक मंदिर है इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है. मंदिर समिति ने इस उपलक्ष्य में 26 जनवरी से 3 फरवरी तक श्री सिद्धि विनायक मंदिर में आयोजन किया लेकिन टेंट वाले ने सड़क मार्ग में लगे टेंट को समय पर नहीं हटाया टेंट खोलने के दौरान हुआ हादसा टेंट हाउस संचालक अपने कर्मचारियों को लेकर टेंट को खोल रहा था. इस इस दौरान उसने रोड को ब्लॉक नहीं किया और वहां से लोगों का भी आना जाना लगा रहा. टेंट खोलने के दौरान अचानक लोहे के हेवी स्ट्रक्चर का बैलेंस बिगड़ गया और टेंट भरभराकर सड़क पर गिर गया. इसी दौरान वहां से एक महिला स्कूटी में और एक बुजुर्ग साइकिल से जा रहे थे वो लोग गिरते हुए स्ट्रक्चर की चपेट में आ गए इसके साथ ही दो लोगों को काफी गहरी चोट आई घायलों को पहुंचाया सुपेला अस्पताल ~ इस हादसे के बाद तुरंत डायल 112 को फोन किया गया. पुलिस पहुंची और घायल महिला सहित अन्य घायलों को सुपेला अस्पताल पहुंचाया गया. एक घायल शख्स ने बताया कि वह नेहरू नगर में ड्यूटी करता है. दोपहर वापस अपने घर साइकिल से जा रहा था. उसने देखा कि टेंट खोलने का काम चालू है, लेकिन लोगों की आवाजाही हो रही थी तो वो भी वहीं से निकल रहा था, लेकिन अचानक पूरा टेंट का फ्रेम भरभराकर उसके ऊपर गिर गया टेंटवाले पर पुलिस करेगी कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर ने बताया कि घटना सेक्टर 5 गणेश मंदिर के पास की है. वहां टेंट लगा हुआ था अलग-अलग स्ट्रक्चर लगे हुए थे उसको निकलते समय वह अचानक से गिर गया जिसमें चार-पांच लोगों को घायल हुए हैं कोई कैजुअल्टी नहीं हुई है मामले की जांच कर टेंट का काम करने वाले ठेकेदारों और संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी ।

# जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-5 का समुचित विकास करना है हमारा संकल्प:पूर्णिमा साहू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 13 फरवरी।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 की भाजपा अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू ने गत मंगलवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामसारंगपुर, लोहझरी, भरेली, खरहट्टा तथा डोंगरिया का सघन दौरा किया और मतदाताओं से रूबरू होकर उनसे अपने लिए समर्थन मांगा। इस दौरान ग्रामीण मतदाताओं ने भी भाजपा प्रत्याशी श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू का आत्मीय स्वागत किया। अपने दौरा कार्यक्रम के दौरान श्रीमती साहू ने कुछ ग्रामों में जहां नुक्कड़ जनसभाएं की तो कई गांवों में बैठकें लेकर भी अपनी बात लोगों के समक्ष रखी।

उन्होने कहा कि भाजपा की मंशा और उद्देश्य क्षेत्र और क्षेत्रवासियों का विकास है। कांग्रेस के कुशासन के पांच वर्षों में पूरे जिले में विकास कार्य ठप्प पड़ें हुए हैं, केवल कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार हुआ हैं, विकास कार्यों के नाम केवल खानापूर्ति की गई। जिससे क्षेत्र विकास से कोसो दूर हो गया। लेकिन जनता के पास अब अवसर है कि वह अपने क्षेत्र के विकास को तिगुनी रफ़्तार से आगे बढ़ा सकें। भाजपा के सुशासन में लगातार कबीरधाम जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण अंचलों का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होने कहा कि विकास की इस रफ्तार को निरंतर जारी रखने के लिए भाजपा को आपका सहयोग और समर्थन चाहिए। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार से लेकर प्रदेश की विष्णुदेव सरकार इस बात को भली भांति समझती है कि ग्राम विकास से ही प्रदेश व देश का विकास होगा यहीं वजह है कि भाजपा ने गांव, गरीब व किसानो को सशक्त बनाने के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की है तथा प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन जैसी योजनाओं से लोगों को आर्थिक व सामाजिक रूप से मजबूत किया जा रहा है। जनसंपर्क के दौरान श्रीमती पूर्णिमा के साथ मनीराम साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर काम करते रहूंगा:रामकुमार भट्ट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 13 फरवरी।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी रामकुमार भट्ट के समर्थन में चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रत्याशी रामकुमार भट्ट, जिन्हें उगता सूरज चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है, लगातार गांव-गांव सघन जनसंपर्क कर रहे हैं।सोमवार और मंगलवार को रामकुमार भट्ट ने माकरी, गिरधारी कांपा, दुल्लीपार, ठोलाकांपा, सेन्हाभाठा, खैरवारकला, नवागांव, बोडतरा खुर्द, बेलमुड़ा, सीतापार और हथमुड़ी सहित कई गांवों में घर-घर संपर्क किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल साहू ने भी ग्रामीणों से उन्हें जिताने की अपील की।। क्षेत्र में ÷उगता सूरज÷ चुनाव चिन्ह के प्रचार में तेजी आई है।रामकुमार भट्ट ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं के सहयोग से उनका प्रचार अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगे।। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामस्वरूप साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, रामकुमार चंद्राकर, ओबीसी मंडल अध्यक्ष ध्वजाराम चंद्राकर, पूर्व पंच फेकूराम साहू, प्रताप सेन साहेब, लाल सोनवानी, रमन खनूजा, सूरज यादव, राजू पाण्डेय, कुशवा चौहान समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# जिला पंचायत ग्यारह में दिनेश चंद्रवंशी का लगातार जनसंपर्क

**कवर्धा, 13 फरवरी।** जिला पंचायत ग्यारह में दिनेश चंद्रवंशी का लगातार जनसंपर्क जारी है और बुजुर्गों , माताओं , दीदी से आशीर्वाद लेते हुए देखे भी जा रहे है । दिनेश चंद्रवंशी ने कहा की जिला पंचायत ग्यारह में सभी गांवों में सर्वांगीण विकास पर हमेशा ध्यान देंगे ।



# लिमतरा में बंछोर ने किया जनसम्पर्क

**जामुल,13 फरवरी।** जिला पंचायत सदस्य पद हेतु क्षेत्र क्रमांक 04 के प्रत्याशी श्रीमती सरस्वती बंजारे के पतंग छाप एवं जनपद सदस्य प्रत्याशी श्रीमती ऊषा बंछोर क्षेत्र क्रमांक 14 के अलमारी छाप पर प्रचार प्रसार हेतु ग्राम लिमतरा में घर घर पहुंचे। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जामुल एवं भिलाई जिला उपाध्यक्ष रेखराम बंछोर, जामुल भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, महामंत्री नूतन वर्मा, उपाध्यक्ष अरुण यादव, मंत्री संजय यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव, बी. आर. रामटेके, ओम प्रकाश साहू, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष किशन सिंह गर्ग एवं रामकृष्ण साहू।

# आयुक्त ने तालाबों को संवारने रोज 6 घंटे की सफाई की अपील की



**रिसाली,13 फरवरी।** रिसाली निगम क्षेत्र के तालााबों को संवारने हर रोज 5-6 घंटे की कवायद की जा रही है। नियमित दर्जनभर कर्मचारियों के अलावा 6 मछुआरों की मदद से जलीय पौधों को बाहर निकाला जा रहा है। तालाबों को सहेजने मार्च तक अभियान चलाया जाएगा। कल्याणी मंदिर और शीतला तालाब वर्तमान में गंदगी से अटा पड़ा है। लोग विसर्जन कुंड की जगह तालाब के साफ पानी में पूजन सामाग्री का विसर्जन कर रहे है। इसके अलावा दोनों ही तालाब में जलीय पौध फैल चुका है। जलीय पौधे और विसर्जित सामग्री को तालाब से बाहर निकालने का कार्य हर दिन 5-6 घंटे तक किया जा रहा है। सफाई कार्य का निरीक्षण आयुक्त मोनिका वर्मा ने की। उन्होंने इस दौरान जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही करें। दरअसल कल्याणी मंदिर तालाब में लक्ष्मी नगर एवं टंकी मरोदा के दोनो वार्डवासी निस्तारी करते हैं। दोनों वार्ड के नागरिक तालाब पर आश्रित हैं। यही वजह है कि तालाब को संवारने और उसे सुरक्षित करने आयुक्त ने पार्षद विलास बोरकर, विधि यादव और सरिता देवांगन के साथ गुरुवार को बैठक करेंगी। दोनो ही तालाब की सतह में जलीय घास का जाल बिछ चुका है। इस वजह से पानी में काई जमने की शिकायत है। आयुक्त ने घास को पूर्ण रूप से खत्म करने घासकार मछली छोड़ने के निर्देश दिए हैं। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि तालाब का उपयोग केवल निस्तारी के लिए करे। तालाब सूरक्षित होने से भूजल स्तर भी बढ़ेगा। तालाब में किसी तरह का पूजन सामाग्री को न छोड़े।

# ...नहीं तो जेसीबी से मुक्त कराया जाएगा कब्जा,आयुक्त ने दी चेतावनी



**भिलाई, 11 फरवरी।** अवैध कब्जाधारियों को आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन क्र. 4 के सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को नोटिस देने के लिए आदेशित किये हैं। कब्जाधारी चार दिनों के अंदर अपना कब्जा खाली कर जगह को रिक्त कर दें। नहीं तो नगर निगम भिलाई द्वारा जे.सी.बी. के माध्यम से कब्जा रिक्त कराया जायेगा। जोन क्रमांक 04 शिवाजी खुर्सीपार क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 38,30,32 इत्यादि वार्डों में भ्रमण के दौरान देखा गया। कि कुछ नागरिकों द्वारा नाले के ऊपर अवैध कब्जा करके उसे ढक दिये हैं। कुछ लोग उसके ऊपर नहानी खोली, बाथरूम बना लिए हैं। कुछ कब्जाधारी ऐसे हैं जो नाली के ऊपर स्लैब डालकर घर भी बना लिए हैं। कब्जाधारी चार दिनों के अंदर अपना कब्जा खाली कर जगह को रिक्त कर दें। नहीं तो नगर निगम भिलाई द्वारा जे.सी.बी. के माध्यम से कब्जा रिक्त कराया जायेगा। इसमें आवश्यकता से अधिक निर्माण टूटने की संभावनी बनी रहती है। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मकान मालिक की होगी। सफाई किस प्रकार से होगा, वहां सफाई गैंग कैसे काम कर सकता है। न ही वहां पर सफाई कर्मचारी का फावड़ा चलेगा। हर व्यक्ति एक दूसरे पर दोष रोपण करेगा, तो सफाई नहीं होगा। अवैध कब्जे के पास कचरा जाम हो जाता है। यह भी देखने में आ रहा है, कि पालीथीन का रैपर, झिल्ली, पन्नी, डिस्पोजल, कुरकुरे को पैकेट, गुटखा का पैकेट इत्यादि अपने घर के सामने नाली में फेंक देते है। नाली से केवल पानी जा सकता है, कचरा नहीं। बस मानसिकता बदलने की जरूरत है, ऐसे सभी दुकानदारों के ऊपर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जा रही है। निरीक्षण के दौरा स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, जोन सुपरवाइजर मंत् राम यादव, पी.आई.यू. अभिनव ठोकने, शुभम पाटनी इत्यादि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास का अच्छे लोकेशन में मिल रहा है फार्म

भिलाई, 11 फरवरी। मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी योजना अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास का फार्म मिल रहा है। कोई भी परिवार जो किराये में निवास करने वाले, जिनके पास स्वयं का मकान नहीं है, यहां के नागरिक है। उनके पास राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड है, वे मकान के लिए आवेदन कर सकते है। 25 फरवरी को आवास आवंटन के लिए लाटरी नगर निगम मुख्य कार्यालय के सभागार में प्रातः 11 बजे निकाली जायेगी। जो हितग्राही पूर्व से आवेदन किये है, उनके द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कर दिया जायेगा। वे पात्रता की श्रेणी में आयेगें, उन्हे लाटरी द्वारा मकान आबंटित किया जायेगा। ऐसी जानकारी मिली है, कि कुछ लोग दलालों के चक्कर में आकर पूर्व में आवंटित किये गये मकानों को 50 रुपये के स्टाम्प पेपर में खरीदी ब्रिकी कर निवास कर रहे हैं। उनके जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना का मकान खरीद ब्रिकी करना प्रतिबंधित है। उस मकान का पूरा प्रमाण पत्र पूर्व आबंटिती के नाम से ही रहेगा। बिजली का बिल और संपत्ति कर पुराने व्यक्ति के नाम से ही जमा होगा। जब उतने ही पैसे में नगर निगम भिलाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का नया मकान मिल जायेगा। तो आपस में खरीदी ब्रिकी करने की कोई आवश्यकता नहीं है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि हम लोग स्वयं मकान का निरीक्षण करने गये थे, बहुत ही अच्छे लोकेशन पर गुणवत्ता पूर्वक मकान बनाया गया है। जहां पर सड़क, बिजली, पानी, शौचालय, किचन के साथ मकान की सुविधा लगभग 3.50 लाख रूपया में मिल जा रहा है। यह मकान कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया, एनार स्टेट खम्हरिया, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद इन जगहो में बने निर्मित मकानो का आबंटन किया जा रहा है। मकान के दिवाल भी स्लैब ढालकर बनाया जा रहा है, जो पूरी तरह मजबूत है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का सपना है कि हर परिवार को अपना खुद का मकान मिले। यह मकान विशेष कर महिलाओं के नाम से ही दिया जा रहा है। जिनके घरों में दिव्यांग, बुर्जुग व्यक्ति निवासरत हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर भूतल का मकान प्रदान किया जा रहा है।




### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान दलों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

**दुर्ग, 13 फरवरी ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत बीआईटी कॉलेज में आज मतदान दल अधिकारियों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 1336 अधिकारी/कर्मचारी जगता और कार्यकुशलता पर निर्भर करता है। प्रत्येक मतदान अधिकारी आयोग के निर्देशों के अध्यधीन रहते हुए पीठासीन अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किए जाने पर पीठासीन अधिकारी के समस्त या किन्हीं भी कृत्यों का पालन करेगा।

मतदाताओं की सुविधा के लिए मतपत्र अलग-अलग रंगों में रहेगा। पंच के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र रहेगा।

# नेहरू आर्ट गैलरी में पेंटिंग्स की सामूहिक प्रदर्शनी





**भिलाई, 11 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी में इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के पूर्व छात्रों द्वारा निर्मित पेंटिंग्स की एक विशेष समूह प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में अनन्त साहू, हुकुम लाल वर्मा और जितेन साहू द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स प्रदर्शित की जाएगी। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 13 फरवरी को मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक डीएएलण् मोइत्रा द्वारा संध्या 5रू30 बजे किया जाएगा। इसमें शामिल सभी कलाकार छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश-विदेश में काफी लंबे समय से कला गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। यह प्रदर्शनी 13 से 15 फरवरी तक आयोजित की जाएगी और प्रतिदिन संध्या 5: 30 बजे से रात्रि 8: 30 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव के निवासी हुकुम लाल वर्मा प्रसिद्ध चित्रकार हैं। उन्होंने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से एम एफ, की डिग्री प्राप्त की और कला की दुनिया में कई पुरस्कारों से सम्मानित हुए हैं। उनकी कला को भारत भवनए नई दिल्ली और भोपाल जैसे प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया गया है। उनके चित्र अमूर्त अभिव्यंजनावादी शैली के होते हैं। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से बी एफए और एम एफए की डिग्री प्राप्त करने वाले जितेन साहू नई दिल्लीए भोपालए और हैदराबाद में अपनी कला प्रदर्शित कर चुके हैं एवं उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा उनकी हिंदी कविताएं तेवर, आज कल और पहल जैसी पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। अनन्त कुमार साहू का जन्म छत्तीसगढ़ के पटेवा में हुआ। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय से बी एफ ए और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से पीएचडी ;विजुअल आर्ट्सद्ध की उपाधि से सम्मानित अनंत कुमार साहू एक प्रमुख कलाकार और कला क्षेत्र के शिक्षा विशेषज्ञ हैं। भारत सरकार से सीनियर फैलोशिप प्राप्त अनन्त जलए जंगल और जमीन से जुड़ी जीवन की वर्तमान परिवेश परिस्थितियों पर आधारित कलाकृतियाँ सृजित करते हैं।

# परिवहन में आ रही सेफ्टी की समस्याओं को हल करने इन्द्रजीत सिंह के नेतृत्व में हुई बैठक



**भिलाई, 11 फरवरी।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के साथ सीजीएमएमआरडी सुशील कुमार जीएम इंचार्ज सेफ्टी डिपार्टमेंट संजय कुमार अग्रवाल के साथ बैठक संपन्न हुई, बैठक में परिवहन में आ रही सेफ्टी की समस्याओं को दूर करने एवं सुचारू रूप से संचालन करने के लिए निम्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिसमें वाहनों में जीपीएस सिस्टम में सुधार करना, बोरिया गेट में पार्किंग की व्यवस्था को ठीक करना, सेफ्टी दिशा-निर्देश और पार्किंग के बोर्ड लगाना गाड़ियों की चालान प्रक्रिया को शुन्य में लाना। सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारना और प्लांट के अंदर पार्किंग की व्यवस्था बनाना। ड्राइवर की सेफ्टी के लिए सेमिनार आयोजित करना, लोडिंग पॉइंट पर बिजली, पानी की पर्याप्त व्यवस्था करना। इस बैठक में एसोसिएशन की ओर से भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू, संरक्षक सुधीर सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह पप्पी, कार्यकारिणी अध्यक्ष अनिल चौधरी उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह सचिव बलजिंदर सिंह,दिलीप खटवानी, शाहनवाज कुरैशी कोषाध्यक्ष जोगाराव, सुनील यादव,वाजिद अंसारी, प्रेम सिंह, विनय अग्रवाल, संतोष सिंह, रोशन लाल वर्मा सभी की उपस्थिति में सार्थक चर्चा हुई प्रबंधन के द्वारा मार्गदर्शन मिला।

## एक नजर

### यूनिवर्सिटी टॉपर,ब्लॉक में सबसे शिक्षित प्रत्याशी सरपंच चुनाव के लिए मैदान में,



**डोंगरढ़, 13 फरवरी।** नगरीय निकाय चुनाव के मतदान के बाद अब पंचायत चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। पंच, सरपंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्य के लिए डोंगरगढ़ ब्लॉक में 23 फरवरी को मतदान होगा। ब्लॉक में सरपंच पद के लिए सैकड़ो प्रत्याशी मैदान में है। इनमें सबसे युवा व शिक्षित प्रत्याशी ग्राम पंचायत अंडी से करिश्मा जसबीर सिंह है। यह पंचायत इस बार महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है। 28 वर्षीय करिश्मा कमला कॉलेज राजनांदगांव में 2019 बैच की छात्रा रही। वहीं एमएससी में दुर्ग यूनिवर्सिटी टॉपरों में टॉप 3 पर रही। करिश्मा ब्लॉक में सबसे युवा व सबसे ज्यादा पढ़ी-लिखी महिला सरपंच प्रत्याशी है। करिश्मा ने बताया कि वह अपनी हायर शिक्षा का उपयोग पंचायत के विकास में करना चाहती है। सरपंच बनकर अंडी पंचायत को पूरें जिलें व छत्तीसगढ़ में मॉडल पंचायत बनानें का संकल्प लेकर वह चुनावी मैदान में है।

### दुर्गेश्वरी पाल को जनसम्पर्क में मिल रहा जनता का समर्थन

**छुरिया, 13 फरवरी।** जनपद क्षेत्र क्रमांक 02 से



जनपद सदस्य पद हेतु चूनाव लड़ रहीं दुर्गेश्वरी कों इन ग्रामों में मिल रहा भारी-भरकम जनसमर्थन रंगीटोला के ग्राम जनकपुर एवं ग्राम महराजपुर में बीते दिनों प्रत्याशी दुर्गेश्वरी नीलेश पाल ने सघन जनसम्पर्क किया। इस दौरान बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद मांगते हुए व युवाओं से सहयोग मांगते कहा कि क्षेत्र के सभी समस्याओं को सुलझाने व क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए मैं आपके पास वोट मांगने आई हूं और मेरा वादा है कि आपके भरोसे पर मैं खरी उतरूंगी। दुर्गेश्वरी ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी प्रमुखता से काम किये जायेंगे और मेरा वादा है कि जन जन तक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

### नगर पंचायत छुरिया में अधिक मतदान कांग्रेस की विदाई तय करेगाः अजय

**छुरिया, 13 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी नगर पंचायत छुरिया के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अजय पटेल के कहा कि लोकतंत्र के महापर्व, नगरीय निकाय चुनाव में उत्साहपूर्वक सहभागी होकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए मैं नगर पंचायत छुरिया की देवतुल्य जनता का आभार व्यक्त करता हूं। इस चुनाव में दिन-रात पार्टी के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करने वाले एवं अमूल्य सहयोग हेतु सभी माननीय जनप्रतिनिधिगण, सम्मानित पार्टी पदाधिकारी व देवतुल्य कार्यकर्ताओं का भी कोटि-कोटि आभार व्यक्त करता हूं। नगर पंचायत छुरिया में सबसे अधिक मतदान होना 15 वर्षो से नगर की सत्ता पर काबिज कांग्रेस सरकार की बिदाई जरूर तय करेगा। निश्चित रूप से आप सभी के समर्थन और सहयोग से नगर पंचायत छुरिया सहित प्रदेश भर में भाजपा प्रत्याशियों के प्रचंड जीत के साथ विकास व सुशासन का कमल जरूर खिलेगा और ट्रिपल इंजन भाजपा सरकार से हमारे नगर व शहर का विकास तिगुनी रफ़्तार से होगा।



### जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण मतदान

**राजनांदगांव 12 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर जिले के सभी मतदाताओं, राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों, प्रबुद्धजन के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने सभी मतदान दलों एवं मतदान प्रक्रिया से जुड़े सभी शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों, सुरक्षा प्रबंध में लगे पुलिस के जवानों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है।



# मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी का किया आत्मीय स्वागत

- केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी का किया आत्मीय स्वागत



**रायपुर, 12 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज शाम नया रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में केंद्रीय खाद्य मंत्री श्री प्रहलाद जोशी का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। उल्लखेनीय है कि केंद्रीय मंत्री श्री प्रहलाद जोशी छत्तीसगढ़ प्रवास के तहत रायपुर पहुंचे थे। इस महत्वपूर्ण भेंट के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य में किसानों के हित में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, श्री सौरभ सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# ओवर हेड टैंक की सील्ट की सफाई सुबह की नियमित जल आपूर्ति पश्चात की गयी



**रायपुर, 13 फरवरी।** आज रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के जल कार्य विभाग द्वारा दलदल सिवनी के 3200 किलोलीटर क्षमता के ओवर हेड टैंक की सील्ट की सफाई का कार्य अभियान पूर्वक करवाया गया.

दलदल सिवनी ओवर हेड टैंक में सुबह की नियमित जलापूर्ति करने के पश्चात पानी टंकी की सफाई का कार्य करते हुए सील्ट की सफाई के साथ साथ कैमिकल ट्रीटमेंट सभी चौंबरों की सफाई एवं पेंटिंग का आवश्यक कार्य किया गया।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि इस कार्य के लिए पूर्व में नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत सतगुरु एजेंसी और सेफ क्लीन एजेंसी को ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई हेतु नगर निगम जल कार्य विभाग द्वारा अनुबंधित किया गया है. दलदल सिवनी के ओवर हेड टैंक में सील्ट की सफाई का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से आज सुबह 9 बजे प्रारम्भ कर दोपहर 1 बजे तक पूर्ण कर लिया गया.

दिनांक 13 फरवरी 2025 गुरूवार को नगर निगम जल विभाग द्वारा अवन्ति विहार के 3200 किलो लीटर क्षमता वाले अवन्ति विहार ओवर हेड टैंक की सील्ट की सफाई सुबह की नियमित जलापूर्ति करने के पश्चात की जाएगी।

# रॉयल किड्स कान्वेंट में वार्षिक उत्सव मनाया

- बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति
- प्रेस क्लब के पदाधिकारी हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया, 13 फरवरी।** नगर पंचायत में संचालित रॉयल किड्स कान्वेण्ट विद्यालय के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष शीशपाल साहू, संरक्षक राधेश्याम शर्मा, विशिष्ट अतिथि अकील मेमन, मनभावन सिंह उइके, एवं विद्यालय के संस्थापक श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह, डॉ. सविता जे.बी.सिंह, के आतिथ्य में मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पत्रकार संजीव गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्षेत्र में एक ऐसा विद्यालय है जहां अनुशासन, संस्कार और शिक्षा से परिपूर्ण, बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराया जा रहा है। छुरिया नगर में रॉयल किड्स कान्वेण्ट की शुरूआत वर्ष 2007 में स्व.जे.बी.सिंह द्वारा किराये के मकान में 40 बच्चों के साथ प्रारंभ किया गया था आज उनका खुद का विद्यालय है जहां लगभग 400 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष शीशपाल साहू ने कहा कि अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने पहुंच रहे हैं, जो इस क्षेत्र का गौरव है। कार्यक्रम को राधेश्याम शर्मा, अकील मेमन, मनभावन सिंह उइके ने भी संबोधित किया। विद्यालय के हेडमास्टर गौरसिंह ने उपस्थित अतिथियों एवं पालकों को बताया कि विद्यालय में पढ़ाई के अलावा अन्य विद्याओं के भी कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस विद्यालय में पढ़े तौहीद मेमन आज एम्स रायपुर में एमबीबीएस डॉक्टर हैं। विद्यालय का सतत प्रयास रहता है कि शिक्षा कि क्षेत्र मे कोई कसर न छूटे। वार्षिक उत्सव के अवसर पर विद्यालय में पढाई, खेलकूद, सहित अन्य प्रतियोगिता में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले होनहार विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती दी। उनकी मनमोहक प्रस्तुती ने पालकों सहित नगरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर रॉयल किड्स कान्वेण्ट के सांवत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, अभिषेक खंडेलवाल, सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने मतदान पश्चात अभ्यर्थियों एवं अभिकर्ताओं की बैठक लेकर संवीक्षा की



**राजनांदगांव, 12 फरवरी।** जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के संचालन एवं प्रेक्षण कार्य हेतु नियुक्त प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जयश्री जैन तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने कृषि उपज मंडी परिसर में नगरीय निकायों के मतदान पश्चात अभ्यर्थियों एवं मतदान अभिकर्ताओं की बैठक लेकर संवीक्षा की। बैठक में नगरीय निकायों में ऐसे मतदान केन्द्र जहां नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में संपन्न हुए मतदान में पूर्व के निर्वाचन की अपेक्षा कम या अधिक मतदान होने के साथ-साथ उनकी संवेदनशीलता की विस्तार की समीक्षा की गई। इस दौरान उपस्थित अभ्यर्थियों एवं मतदान अभिकर्ताओं ने मतदान के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया के लिए बधाई दी और व्यवस्थाओं की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर रिटर्निंग ऑफिसर श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 के नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए मतदान 11 फरवरी को संपन्न हुआ। मतदान पश्चात ईव्हीएम मशीनों को कृषि उपज मंडी समिति के नवनिर्मित गोदाम में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। मतगणना शनिवार 15 फरवरी 2025 को सुबह 9 बजे से की जाएगी।

### जपं क्षेत्र क्रमांक-18 से रोशनी योगेन्द्र वैष्णव का धुआंधार जनसंपर्क, मिल रहा भारी जनसमर्थन




**राजनांदगांव, 13 फरवरी।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 से कांग्रेस प्रत्याशी रोशनी योगेन्द्र वैष्णव ने अपना धुआंधार जनसंपर्क जारी रखा है। जनसंपर्क के दौरान उन्हें भारी जन समर्थन मिल रहा है। उल्लेखनीय की रोशनी योगेन्द्र वैष्णव ने राजनंदगांव जनपद पंचायत के दो जनपद सदस्य रहते हुए क्षेत्र में अनेक अनेक और करोड़ों के विकास निर्माण कार्य करवाए तेज तर्रार हैं। जिसका लाभ उन्हें जीत के रूप में निश्चित मिल रहा है और यह भी संभावना जताई जा रही है कि वह जनपद पंचायत में कांग्रेस के बहुमत आने पर जनपद पंचायत अध्यक्ष पद की दावेदार हो सकती है। क्योंकि दो बार जनपद सदन बात रखने तरीका तथा अधिकारी से अच्छा व्यवहार कर क्षेत्र कामों निदान किया गया धामनसरा, उसडीबोड, भोथीपार खुर्द पुराना पारा, ढोडिया, भोडिया, आलीखुटा, रानीतरई, भोथीपार खुर्द नया पारा एवं समस्त मतदातागण क्षेत्र क्र. 18 के अंतर्गत आज रानीतरई और आलीखुटा उसडीबोड में उन्होंने जनसंपर्क करेंगे अपने पक्ष में किया जाएगा है। बाकी गांव में भोथीपार खुर्द नया पारा भोथीपार खुर्द पुराना पारा ढोडिया भोडिया उनके समर्थक समर्थक बड़ी संख्या में जुढते जा रहे हैं। अपने चुनावी प्रचार प्रसार के दौरान शासकीय योजनाओं से बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। बिजली पानी सड़क और स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में सुख दुःख तथा धार्मिक सांस्कृतिक समाजिक खेलकूद आयोजन तथा विकास कार्य कराए जा चुके हैं।

# पुनर्विवाह परिचय सम्मेलन का आयोजन 9 मार्च को

- राजधानी में विधवा, विधुर व तलाकशुदा महिला, पुरुषों व महिलाओं के लिए निःशुल्क पंजीयन

**रायपुर, 13 फरवरी।** रायपुर ब्राइट फाउंडेशन द्वारा इस वर्ष भी सभी जाति, समाज की विधवा, विधुर व वैद्य तलाकशुदा प्राप्त महिलाओं, पुरूषों के पुनर्विवाह हेतु परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें अविवाहित युवक- युवतियां तथा उम्र दराज अविवाहित महिलाएं भी शामिल हो सकती है। प्रदेश प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि आगामी 09 मार्च को राष्ट्रीय स्तर पर यह आयोजन ÷सत्संग भवन÷ महामाया मंदिर, पुरानी बस्ती रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। संस्था द्वारा 2018 से प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जा रहा है जिसमें अब तक 400 से अधिक लोगों का विवाह हो चुका है। अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ने कहा कि इस वर्ष के परिचय सम्मेलन हेतु महिलाओं का पंजीयन निःशुल्क किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक महिलाएं एवं युवतियां इसका लाभ उठा सके और अपने लिए योग्य जीवन साथी चुन सकें। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर ने इस अवसर पर बताया कि संस्था के माध्यम से जिन आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों का विवाह तय होता है उनका निःशुल्क आदर्श विवाह भी किया जायेगा। संस्था की सचिव अनघा करकशे ने बताया कि संस्था का कार्यालय सप्रे स्कूल बुढ़ापारा रायपुर के सामने स्थित है जहां प्रतिदिन प्रातः 11 से शाम 7 बजे तक इच्छुक प्रतिभागी अपना पंजीयन करा सकते है साथ ही परिचय सम्मेलन दिवस भी प्रातः 9 बजे से कार्यक्रम स्थल पर पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। संस्था की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संस्था के अन्य दो



कार्यालयों धमतरी व डोंगरगढ़ में भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध होगी आवेदक धमतरी शाखा के अध्यक्ष सरिता दोशी एवं डोंगरगढ़ के अध्यक्ष प्रकाश गिरधर ( राजा भाऊ ) से संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर संस्था की राधा राजपाल, अन्टू ठाकुर, दमयंती देशपांडे, बिहारी लाल शर्मा, लक्ष्मीनारायण लाहोटी, रामभरोसा अग्रवाल, अंजली शितूत, सुषमा ध्रुव, अन्नपूर्णा शर्मा, चंपालाल साहू, ज्योति हिरणवार, सुशील कौशिक, नारायण सेन, रमेश श्रीवास, सतीश रवि सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



# नगर निगम के सभी विभाग के कर्मचारियों की आयुक्त ने ली बैठक

- स्थानीय निर्वाचन में निष्ठापूर्वक कर्तव्य निर्वाहन के लिये जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 12 फरवरी।** निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आज निगम सभागृह में नगर निगम के सभी विभागों के कर्मचारियों की बैठक लेकर स्थानीय निर्वाचन में सौपे गये दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करने पर आभार व्यक्त करते हुये कार्यालयीन अवधि में उपस्थित रहकर सौपे गये दायित्वों का समर्पित भाव से कार्य करने कहा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आज निगम के सामान्य प्रशासन विभाग, लेखा, जन्म-मृत्यु, लोककर्म, विद्युत, जल, सफाई, मोटर, राजस्व विभाग, प्रधानमंत्री आवास में कार्यरत सभी कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत नगर निगम राजनांदगांव के महापौर एवं पार्षदों के निर्वाचन के लिये कर्मचारियों को सौपे गये दायित्वो का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करने पर आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल तथा स्थानीय निर्वाचन प्रेक्षक श्रीमती जयश्री जैन ने भी सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यो की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अपने अपने दायित्वों का हर समय निर्वाहन करना है।

आयुक्त ने कहा कि नौकरी के पूर्व हमारी मानसिकता होती है कि हम नौकरी लगने पर निष्ठा एवं इमानदारी से कार्य करेगे, हमे उसी मानसिकता से काम करना है, तभी हम सफल होगे। कार्यालय में हमारा व्यवाहर संयमित और मर्यादित होनी चाहिये, कार्यालयीन समय में उपस्थित रहकर, अपने कार्यो का कर्मठतापूर्वक इमानदारी से निर्वाहन करना है।

# जिपं चुनाव:अरुण सार्वा का जनसंपर्क कारवां पहुंचा वनांचल के ग्रामों में

- ग्रामीणों से मिल रहा अभूतपूर्व समर्थन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी/धमतरी।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से भाजपा समर्थित प्रत्याशी अरुण कुमार सार्वा का जनसंपर्क अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। 13 फरवरी को उनके जनसंपर्क का कारवां बाजे-गाजे के साथ ग्राम खुदूरपानी, भैंसामुड़ा पहुंचा, जहां ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। महिलाओं ने आरती उतारकर व तिलक लगाकर अरुण सार्वा का अभिनंदन किया, वहीं ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। युवाओं के बीच अरुण सार्वा का बेहद क्रेज है। पूरे क्षेत्र में उनके जनसंपर्क अभियान की गूंज सुनाई दे रही है। जहां-जहां उनका काफिला पहुंच रहा है, वहां ग्रामीणों का भारी समर्थन उन्हें मिल रहा है। जनसंपर्क अभियान के दौरान समर्थक और ग्रामीण अरुण सार्वा के लिए ÷उगता सूरज÷ चुनाव चिन्ह पर मतदान करने की अपील कर रहे हैं। हर गांव में बैनर-पोस्टर और जनसभाओं के माध्यम से मतदाताओं को उनके समर्थन में जुटने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के लोगों को उनसे विशेष उम्मीदें हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें विश्वास है कि अरुण सार्वा क्षेत्र के विकास के लिए एक काबिल और मजबूत नेता साबित होंगे।

### जनता का समर्थन मेरी ताकत

अपनी जनसंपर्क यात्रा के दौरान अरुण सार्वा ने कहा, फ्रमुझे जो प्यार और समर्थन मिल रहा है, वह मेरे लिए ऊर्जा और साहस का स्रोत है। मैं हरसंभव प्रयास करूंगा कि क्षेत्र का समुचित विकास हो और जनता को उनके अधिकार और सुविधाएं मिलें। बहरहाल, धमतरी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 में चुनावी माहौल गर्मा चुका है, और अरुण सार्वा की बढ़ती लोकप्रियता उन्हें मजबूत उम्मीदवार के रूप में स्थापित कर रही है।

### आयुक्त ने की राजस्व की समीक्षा डिमांड के विरुद्ध शतप्रतिशत वसूली के दिये निर्देश

**राजनांदगांव 12 फरवरी।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में पूर्व डिमाण्ड एवं वर्तमान डिमाण्ड के विरूद्ध राजस्व वसूली के निर्देश दिये, जिससे वित्तीय वर्ष समाप्ति के माह अंत तक सतप्रतिशत वसूली की जा सके। आयुक्त विश्वकर्मा ने बैठक में समस्त सहायक राजस्व निरीक्षको से वार्डवार वसूली की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप वसूली नही हो पा रही है। चुकि वर्तमान में स्थानीय निर्वाचन के कारण भी वसूली प्रभावित हुई है लेकिन अब वित्तीय वर्ष समाप्ति के लिये डेढ माह शेष है, जिसे ध्यान में रखकर वसूली करना है। उन्होंने कहा कि क्यू आर कोड के माध्यम से भी वसूली करनी है। इसके लिये बहुत जल्द मशीन की व्यवस्था जा रही है, जिससे तुरंत पावती दी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि कुछ वार्डो की वसूली अच्छी हो रही है किन्तु कुछ वार्डो की वसूली कम है जिसमें तेजी लावे। उन्होंने समस्त सहायक राजस्व निरीक्षकों से कहा कि वे अपने अपने प्रभारित वार्ड के राजस्व उप निरीक्षकों से प्रतिदिन प्रातः डिमाण्ड की जानकारी लेवे एवं डिमाण्ड के विरूद्ध वसूली की समीक्षा करे। साथ ही बडे बकायादारों के पास स्वयं जाकर वसूली करना सुनिश्चित करे। उन्होंने राजस्व उप निरीक्षकों से कहा कि वसूली में किसी भी प्रकार की परेशानी या अन्य कोई परेशानी होने पर अपने सहायक राजस्व निरीक्षक को जानकारी देवे।



### भागवत साहू को गांव-गांव मिल रहा व्यापक जन समर्थन, विरोधियों में घबराहट

**राजनांदगांव, 13 फरवरी।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 टेढ़ेसरा कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी भागवत साहू का धुआंधार जनसंपर्क अभियान जारी है। चुनाव प्रचार के दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक जिनमें कांग्रेस के कई बड़े नेता भी शामिल है। साथ चल रहे हैं निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम डूमरडीह, देवड़ोगर, चवलढाल, महरूम खुर्द, भरदा खुर्द, बरबसपुर, कल्डबरी, बरगाही आदि में उन्हें व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। जगह-जगह उनका स्वागत सत्कार किया जा रहा है। श्री साहू ने वैसे भी जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष रहते हुए क्षेत्र के चौमुखी विकास भूपेश बघेल सरकार के दौरान आनेका नेक विकास निर्माण कार्य स्वीकृत कराए हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का समुचित लाभ दिलवाया है जिसका भी अच्छा प्रभाव देखा जा रहा है। क्षेत्रवासियों की सोच है कि भागवत साहू संघर्षशील नेता है और वे ग्रामीणों के हित में बुलंदी से आवाज उठते हैं। इसी सोच के साथ उनकी जीत की राह आसान हो गई है और उनके प्रतिद्वंदियों में घबराहट देखी जा रही है।

## संपादकीय

## दिल्ली तो गया पंजाब का क्या होगा

राजनीति में सब अपने आपको बहादुर कहते हैं, जब भी कहने का मौका मिलता है तो सब खुद को बहादुर कहते हैं यानी हम किसी से नहीं डरते हैं, शान से कहते हैं लेकिन हकीकत में सब होने वाले नुकसान से डरते हैं और उनकी प्रतिक्रिया से ही पता चलता है कि वह अपने होने वाले राजनीतिक नुकसान को कितना डरते हैं। केजरीवाल जब तक सत्ता में रहे खुद को सबसे बड़ा नेता व बहादुर नेता बताने के लिए यही कहते रहे कि पीएम मोदी उनसे डरते हैं।क्योंकि आप ही ऐसी पार्टी है जो भाजपा को टक्कर दे सकती है, केजरीवाल ही ऐसे नेता जो पीएम मोंदी को हरा सकते हैं। राहुल गांधी व केजरीवाल में तो होड़ लगी रहती थी देश की जनता को यह बताने की कि उनसे मोदी कितना डरते हैं। हकीकत में यह दोनों नेता सबसे ज्यादा मोदी से डरते हैं क्योंकि यह जानते हैं कि मोदी को उनके लिए हराना सबसे मुश्किल काम है। केजरीवाल तो फिर भी दावा कर सकते हैं कि उन्होंने भाजपा व मोदी को दिल्ली में कई बार हराया है। लेकिन राहुल गांधी तो कह नही सकते कि किसी राज्य में उन्होंने और कांग्रेस ने भाजपा व मोदी को कई बार हराया है। जबकि मोदी ने राहुल गांधी व केजरीवाल को राज्यों में और केंद्र के चुनाव में सबसे ज्यादा हराया है। दिल्ली में आप को हराने में कुछ वक्त लगा लेकिन पीएम मोदी ने केजरीवाल को दिल्ली में हराकर उनका यह घमंड तोड़ दिया है कि दिल्ली मे तो केजरीवाल को कोई नहीं हरा सकता।दिल्ली में तो केजरीवाल को कोई ईडी,आईटी से डरा नहीं सकता। लेकिन केजरीवाल की सारी बहादुरी तब गायब हो जाती है जब दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने के बाद उनको कांग्रेस के यह कहने पर पता चलता है। पंजाब के 30 आप विधायक कांग्रेस के संपर्क में है। यानी दिल्ली की सत्ता के बाद आप की पंजाब सरकार भी खतरे में है। कांग्रेस ने आप नेता केजरीवाल को डराया कि आपकी पंजाब सरकार भी खतरे हैं और वह कभी भी गिर सकती है। दिल्ली हारकर परेशान केजरीवाल के लिए और परेशान होना स्वाभाविक है कि कहीं अब पंजाब की सरकार भी चली गई तो बड़ी मुश्किल हो जाएगी। केजरीवाल का डरना स्वाभाविक है क्योंकि दिल्ली में उन्होंने सत्ता कांग्रेस से छीनी थी और पंजाब में भी उन्होंने सत्ता कांग्रेस से छीनी थी यानी वह दोनों जगह कांग्रेस की जगह लेने में सफल रहे थे। अब कांग्रेस ने उनको दिल्ली में सत्ता से हटाने में अहम भूमिका निबाहने के बाद यदि पंजाब की सत्ता से भी हटाने की संकेत दे रही है तो केजरीवाल का बचाव में कोई प्रयास करना स्वाभाविक है। उनको यह पता चलते ही कि पंजाब में कांग्रेस उनकी सत्ता से हटाने का प्रयास कर सकती है, सत्ता पर बने रहने के लिए उनका विधायकों को बैठक बुलाना जरूरी थी और विधायकों को एकजुट करना जरूरी था। यही केजरीवाल ने किया है। उन्होने पंजाब के विधायकों की बैठक दिल्ली में बुलाई है और उनको आप के साथ जोड़े रखने का प्रयास किया है। वह अपने प्रयास में कितने सफल होते हैं, इसका पता तो आने वाले दिनों मे चलेगा लेकिन आने वाले दिनों में केजरीवाल की परेशानी कम नहीं होने वाली है क्योंकि उन्होंने जो कर्म दिल्ली में किए उसका फल तो उनको दिल्ली में मिल गया है। आने वाले दिनों में फिर गिरफ्तारी व जेल जाने की आशंका बनी हुई है। ऐसे में वह पंजाब के सीएम तो नहीं बन सकते क्योंकि अगर वह ऐस प्रयास करते हैं तो यह पंजाब की राजनीति के लिए ठीक नहीं होगा। क्योंकि उन पर भ्रष्टाचार के जो आरोप लगे हैं, वह अभी भी है, उस पर अदालत में सुनवाई जारी है। केजरीवाल खुद जमानत पर हैं। ऐसे में वह पंजाब का सीएम बनने का प्रयास नहीं कर सकते। मान को सीएम की कुर्सी से हटाने का जोखिम भी नहीं ले सकते। इसलिए यह मानकर चलना चाहिए कि केजरीवाल अभी ज्यादा से ज्यादा यह कर सकते हैं कि किसी राज्यसभा के सदस्य को हटाकर खुद राज्यसभा सदस्य बन सकते हैं। कांग्रेस जब तक दिल्ली में केजरीवाल का कुछ बिगाड़ नहीं पा रही थी वह परेशान थी कि केजरीवाल को दिल्ली से कैसे हटाया जा सकता है, आज जब भाजपा ने दिल्ली से केजरीवाल को हटा दिया है तो दिल्ली में कांग्रेस को खुद मजबूत करने का एक मौका है। अपने जनाधार को वापस पाने का एक मौका है, इसके लिए उसके पास पांच साल का वक्त है। पांच साल में यदि कांग्रेस दिल्ली में अपने जनाधार को पा लेती है तो यह केजरीवाल के लिए एक और बढ़ा झटका होगा क्योंकि केजरीवाल की सारी ताकत दिल्ली में ही है वह दिल्ली के भरोसे ही पूरे देश व राज्यों में राजनीति करते थे। यह देखकर भी हैरानी होती है कि पहली बार कांग्रेस केजरीवाल के खिलाफ इतनी आक्रामक हुई है कि वह दिल्ली में केजरीवाल के हारते ही उसे पंजाब से हटाने की सोच रही है। इसे कुछ लोग कांग्रेस का इंतकाम लेना कह सकते हैं। क्योंकि केजरीवाल ने कांग्रेस को कई राज्यों में बहुत नुकसान पहुंचाया है। अब वक्त आया है तो कांग्रेस केजरीवल से बदला ले रही है। एक ही राज्य में केजरीवाल की सरकार है, यह भी कांग्रेस के कारण चली जाती है तो केजरीवाल तो राजनीतिक रूप से कंगाल हो जाएंगे। वह गर्व से कहा करते थे कि कांग्रेस के बाद विपक्ष में आप ही ऐसा राजनीतिक दल है जिसकी दो राज्यों में सरकार है। उन्होंने और कई राज्यों में भी चुनाव लड़कर सरकार बनाने का सपना देखा लेकिन दो राज्य के बाद किसी तीसरे राज्य में उनको सफलता नहीं मिली। अब तो दिल्ली हारने के बाद उनकी एक ही राज्य में सरकार रह गई है। अब उनको जो कुछ करना है और कहना है कि पंजाब को लेकर ही करना और कहना है। दिल्ली माडल की बात वह पूरे देश में कहते थे अब वह दिल्ली माडल की बात तो कर नहीं सकते। दिल्ली हारने के बाद उनकी राजनीतिक ताकत आधी हो गई है। ऐसे मे अगर कांग्रेस उनकी आधी ताकत भी उनसे छीन लेती है तो यह बहुत बड़ी बात होगी क्योंकि इसके बाद हो सकता है कि जहां जहां केजरीवाल ने कांग्रेस का जनाधार छीना था, कांग्रेस अपना जनाधार वापस पा ले। मौका तो है कांग्रेस के पास केजरीवाल को राजनीतिक तौर पर समाप्त करने का। इसमें वह कितना सफल होती है, इसका पता तो आने वाले दिनों में चलेगा।

मनोरंजन

सुनील कुमार महला

# सूचना क्रांति व एआई चैटबॉट युग में भी जीवन को रौशन कर रहा है रेडियो



आज का युग सूचना क्रांति का युग है, एडवांस एआई तकनीक का युग है। विज्ञान ने आज इतनी अधिक तरक्की कर ली है कि सूचना क्रांति और एआई तकनीक के इस आधुनिक युग में आज हमारे पास मनोरंजन के अनेक साधन उपलब्ध हैं।प्राचीन काल में मनोरंजन के साधन आखेट, कथा-कहानी, आपबीती, तैराकी, घुड़सवारी, पर्यटन, चौसर, खेल-तमाशे, कुश्ती, कबड्डी,ताश, शतरंज ,कला, प्रदर्शन, नृत्य, संगीत, बाजे,नाटक, मेले, सामाजिक सभाएं(चौपाल),ढोलक, हारमोनियम पर गाना आदि हुआ करते थे और मनुष्य इन साधनों के द्वारा मनोरंजन किया करता था। पहले के जमाने में आज की तरह न इंटरनेट की उपलब्धता ही थी और न ही स्मार्ट फोन,लैपटॉप, टीवी ही हुआ करता था। कहना गलत नहीं होगा कि पहले के जमाने में मनोरंजन के सीमित संसाधन थे। वैसे पुराने जमाने में मनोरंजन का एक बड़ा साधन जो रहा है, वह 'रेडियो' है। कहना गलत नहीं होगा कि रेडियो जानकारी प्रदान करने, लोगों को शिक्षित करने, संस्कृतियों के बीच अभिव्यक्ति की अनुमति देने और निश्चित रूप से, हमारे सभी पसंदीदा संगीत बजाने का एक शानदार और सशक्त मंच है। चाहे तकनीक कितनी भी उन्नत क्यों न हो जाए, रेडियो एक अपूरणीय माध्यम है, खासकर प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं के दौरान। सच तो यह है कि रेडियो आज प्रसारण का वह माध्यम है जो मनोरंजन, स्थानीय समाचार, खेल अपडेट, चर्चाएँ, बढ़िया संगीत प्रदान करता है, और मार्केटिंग का भी एक प्रभावी तरीका है। आज सोशल नेटवर्किंग साइट्स के इस आधुनिक युग में भी रेडियो की प्रासंगिकता समय के साथ बिल्कुल भी कम नहीं हुई है और आज 13 फरवरी है-'विश्व रेडियो दिवस।' पाठकों को बताता चलूं कि पहला रेडियो प्रसारण 1895 में गुग्लिल्मो मार्कोनी द्वारा किया गया था और संगीत और बातचीत का रेडियो प्रसारण, जिसका उद्देश्य व्यापक दर्शकों के लिए था, प्रयोगात्मक रूप से, कभी-कभी 1905-1906 के आसपास अस्तित्व में आया। यह भी उल्लेखनीय है कि जेम्स क्लार्क मैक्सवेल ने सबसे पहले रेडियो की संभावना का प्रस्ताव रखा था।साल 1920 के दशक की शुरूआत में रेडियो व्यावसायिक रूप से अस्तित्व में आया और लगभग तीन दशक बाद रेडियो स्टेशन अस्तित्व में आए और 1950 के दशक तक रेडियो और प्रसारण प्रणाली दुनिया भर में एक आम वस्तु बन गई। वास्तव में विश्व रेडियो दिवस का उद्देश्य रेडियो के महत्व के बारे में जनता और मीडिया के बीच अधिक जागरूकता बढ़ाना है। इस दिन का उद्देश्य रेडियो स्टेशनों को अपने माध्यम से सूचना तक पहुंच प्रदान करने और प्रसारकों के बीच नेटवर्किंग और अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। बहरहाल,भले ही आज के युग के बारे में कोई ये समझे कि आज का मल्टीप्लेक्स सिनेमा का युग है या सोशल नेटवर्किंग साइट्स का युग है। लेकिन रेडियो का महत्व आज भी कम नहीं हुआ है। शहरों में सिटी बसें दौड़ रहीं हों या आटो-टैक्सियां आपको इनमें रेडियो बजता हुआ सुन जाएगा। आज स्थान स्थान पर बहुत से कम्युनिटी रेडियो सेंटर्स खुल गये हैं अथवा एफ.एम. की बहार है। सिटी बसेज में तो एफ.एम. का अपना अलग ही आनंद है। आप दिल्ली चले जाइए, जयपुर घूम आइए या किसी अन्य बड़े शहर की सैर कर आइए, आपको रेडियो मिर्ची, समाचार जरूर ट्यून होते मिलेंगे। चाय की थड़ियों में, दुकानों में अखबार पढ़ने के साथ ही आपको रेडियो सुनने का आनंद लेते लोग मिल जाएंगे। आज भागमभाग भरी व दौड़-धूप भरी इस जिंदगी में भी रेडियो की एक अपनी अलग ही महत्ता व खूबी है। गांवों में आज भी बहुत से लोग बड़े चाव से रेडियो सुनते हैं, क्योंकि रेडियो अनपढ़ और पढ़े-लिखे दोनों ही लोगों का परम मित्र है। रेडियो वह शक्तिशाली माध्यम है जो लोकतान्त्रिक विमर्श के लिए,एक शानदार मंच का निर्माण करता है। रेडियो संचार का सबसे अच्छा व बेहतरीन माध्यम है। वास्तव में रेडियो एक ऐसी सेवा है जो दुनियाभर में सूचनाओं का आदान प्रदान करती है। यह बात सत्य है कि आज के समय में अधिकतर लोगों के लिए रेडियो पुराने जमाने की बात हो गई है, परंतु रेडियो बुजुर्गों के लिए आज भी मनोरंजन का एक अत्यंत सशक्त साधन व शानदार माध्यम है। मोबाइल फोन के अधिक प्रयोग से अन्य वर्गों का इससे रुझान पहले से काफी कम हुआ है। लेकिन आज भी रेडियो पर हम सभी समाचार सुनतें हैं, कृषि संबंधी विभिन्न जानकारियां सुनते हैं, सरकार की योजनाओं के बारे में सुनते हैं, रेडियो फोन- इन -प्रोग्राम सुनते हैं, यहाँ तक कि नाटक,कहानी,वार्ता व विज्ञापन तक सुनते हैं। महानगरों में सिटी बसों में रेडियो ही बजाता सुनाई देता है और इससे सवारियों का अच्छा खासा मनोरंजन होता है। वास्तव में सूचनाओं का आदान प्रदान करने में रेडियो की जो भूमिका है, वह किसी अन्य साधन की अब तक नहीं है, क्योंकि रेडियो सूचनाओं का प्रसार करने का सबसे शक्तिशाली और सस्ता माध्यम है। वैसे विश्व रेडियो दिवस की शुरूआत वर्ष 2011 में की गई थी।साल 2010 में स्पेन रेडियो अकादमी ने 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाने के लिए पहली बार प्रस्ताव दिया था। साल 2011 में यूनेस्को के सदस्य देशों ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया और 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाने की घोषणा की। बाद में साल 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भी इसे अपना लिया। फिर उसी साल 13 फरवरी को पहली बार यूनेस्को ने विश्व रेडियो दिवस मनाया। गौरतलब है कि इटली के पीसा विश्वविद्यालय में प्रथम विश्व रेडियो दिवस के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।पहली बार 13 फरवरी, 2012 को विश्व रेडियो दिवस आयोजन में विश्व की प्रमुख प्रसारक कंपनियों को बुलाया गया था जिसमें 44 भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी एवं पुरानी कंपनी रेडियो रूस भी शामिल हुई थी। भारत में 1936 में ह्यइंपीरियल रेडियो ऑफ इंडियाह्न की शुरूआत हुई थी जो आजादी के बाद ह्यऑल इंडिया रेडियोह्न के नाम से विख्यात हुआ। वर्ष 1957 में ऑल इंडिया रेडियो का नाम बदलकर ह्यआकाशवाणीह्न कर दिया गया। ह्यबहुजन हिताय, बहुजन सुखायह्न के अपने ध्येय वाक्य के साथ आकाशवाणी 27 भाषाओं में शैक्षिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, सामाजिक, खेलकूद, युवा, बाल एवं महिला तथा कृषि एवं पर्यावरण संबंधी प्रस्तुतियों से संपूर्ण देश को एकता के सूत्र में पिरोते हुए सुवासित परिवेश निर्मित कर रही है। साथ ही शेष विश्व को भारतीय संस्कृति और साहित्य से परिचित भी करा रही है। 2 अक्टूबर, 1957 को स्थापित ह्यविविध भारतीह्न ने 1967 से व्यावसायिक रेडियो प्रसारण शुरू कर नए युग में प्रवेश किया। यह भी बताना बड़ा रूचिकर होगा कि आजादी के समय भारत में केवल 6 रेडियो स्टेशन थे और आज बहुत से रेडियो स्टेशन उपलब्ध हैं। बताता चलूं कि हर साल रेडियो दिवस पर एक खास थीम तैयार की जाती है और इस साल यानी कि वर्ष 2022 की थीम 'विकास' थी। विश्व रेडियो दिवस 2023 का विषय 'रेडियो और शांति' रखा गया था। वहीं पर वर्ष 2024 में इसकी थीम 'रेडियोः सूचना देने, मनोरंजन करने और शिक्षित करने वाली एक सदी' रखी गई थी। पाठकों को बताता चलूं कि इस वर्ष यानी कि 2025 में रेडियो दिवस की थीम 'रेडियो और जलवायु परिवर्तन' रखी गई है।हमें यह भी जानना चाहिए कि डॉयचै वैले जर्मन अंतरराष्ट्रीय प्रसारणकर्ता है जो तीस भाषाओं में प्रसारण करता है। इसके अलावा वॉइस आफ अमेरिका, बीबीसी अन्य प्रमुख प्रसारणकर्ता हैं। एक दौर था जब देश में टेलीविजन नहीं हुआ करते थे और उस जमाने में हर कोई रेडियो सुनना पसंद करता था। आज तो टीवी है, टीवी भी नहीं एल ई डी टीवी आ गए हैं, स्मार्टफोन का जमाना है, स्मार्टफोन ही नहीं स्मार्ट घड़ियां भी आ चुकीं हैं लेकिन रेडियो का महत्व कम नहीं हुआ है। यह बात अलग है कि पहले के जमाने की तुलना में रेडियो आज कम ही सुना जाता है लेकिन अब धीरे धीरे देश दुनिया रेडियो की और लौट रही है। आज कम्यूनिटी रेडियो आ गए हैं जो बीस पच्चीस किलोमीटर के एरिया में सुने जाते हैं। कम्यूनिटी रेडियो अपने एप तैयार कर रहे हैं, जिससे उन्हें दुनिया के किसी भी कोने में सुना जा सकता है। दूर-दराज के क्षेत्रों, पहाड़ों, दुर्गम क्षेत्रों, रेगिस्तान आदि में रेडियो सुनने का जो आनंद है, वह कहीं भी नहीं है। रेडियो की पहुंच शहरों ही नहीं कस्बों व गांवों तक है और आप कहीं भी बैठे आसानी से रेडियो सुन सकते हैं।

## आज का राशिफल

मेष- आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके घर किसी सरप्राइज पार्टी का आयोजन हो सकता है। आपकी इनकम तो बेहतर रहेगी और आप अपने खर्चों को भी आसानी से कर सकेंगे। परिवार में सदस्यों में कुछ अनबन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। सभी सदस्य एकजुट नजर आएंगे। संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती हैं। आपकी किसी से बहस बाजी होने की संभावना है। यदि ऐसा हो, तो आप उसमें चुप लगाएं।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहने वाला है। भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी, लेकिन बिजनेस में आपको जितने लाभ की उम्मीद थी, उतना न मिलने से मन थोड़ा परेशान रहेगा। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मिलाप करने आ सकता है। आप किसी बात को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। आपको इनकम को बढ़ाने के कई अवसर मिलेंगे। आपको अपने दिल की जगह दिमाग की सुनना बेहतर रहेगा। आपको किसी गलत तरीके से धन कमाने से बचना होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामलों में अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम रखना होगा। आपके मन में किसी बात को लेकर संशय बना रहेगा, तो उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़े। नव विवाहित जातकों के जीवन में किसी नये मेहमान की दस्तक को सकती हैं। आपकी प्रॉपर्टी को लेकर भाइयों से अनबन होने की संभावना है। यदि ऐसा हो, तो उसमें पिताजी की राय लेकर काम करें, तो बेहतर रहने वाला है। जीवनसाथी आपके कामों में पूरा साथ देंगे।

कर्क- आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आप अपने काम में लापरवाही बिल्कुल ना करें। पारिवारिक सदस्यों से किसी बात को लेकर कहासुनी होने की संभावना है। बिजनेस में आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी किसी लापरवाही के कारण दूसरे आपका फायदा उठाने की पूरी कोशिश करेंगे। आप किसी से अपनी मां की कोई बात शेयर न करें। आपको अपने आवश्यक खर्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने का मौका मिलेगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। कार्य क्षेत्र में आपको विरोधियों से सावधान रहना होगा। आप अपने घर की साज-सज्जा पर पूरा ध्यान देंगे और यदि आपको काम को लेकर कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरे लग सकती है। आपको कामों को लेकर व्यस्तता बनी रहेगी। आपकी मेहनत रंग लाएगी। किसी सरकारी योजना में आप इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। आपके ऊपर यदि कुछ कर्ज था, तो आप उसे भी काफी हद तक उतार सकते हैं।

कन्या- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। लेनदेन के मामले में आपको सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आपके काम में यदि कुछ रुकावट आ रही थी, तो वह भी दूर होंगी। किसी से आप बेवजह कहा सुनी में ना पड़े। आपको अपने किसी मित्र की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। धर्म-कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। यदि आपने किसी से धन उधार लेने का सोचा है, तो उसे आप वापस मांग सकते हैं। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं।

तुला- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आर्थिक क्षेत्रों में आप अच्छा लाभ कमाएंगे। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा और आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी। नौकरी में भी प्रमोशन मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे आपको कामों को करने की शक्ति मिलेगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। सरकारी कामों में आपका पूरा ध्यान रहेगा। आप अपने मन में किसी तरह की कोई ऐसी बात ना रखें, जिससे की आपका मन परेशान हो। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ा पद मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने धन और समय दोनों को ध्यान में रखकर खर्च करने की आवश्यकता है, जो लोग सिंगल हैं, उनकी अपने साथी से मुलाकात हो सकती हैं। आपको कुछ अपरिचित लोगों से आपको दूरी बनाकर रखनी होंगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए कुछ नये संपर्कों से लाभ लेकर आने वाला है। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। आपको कोई सहयोगी मित्र के रूप में आपका शत्रु हो सकता है। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या चल रही थी, तो उसके लिए आप किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह मशवरा करें, नहीं तो उसके बढ़ने की संभावना है। आपका कोई मित्र आपके घर दावत पर आ सकता है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको अपने व्यापार की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए टेंशन भरा रहने वाला है। आपका स्वभाव में भी चिड़चिड़ापन बना रहेगा, जिसे देखकर परिवार के सदस्य भी परेशान रहेंगे। आप किसी से कुछ भी बोल सकते हैं। आपको काम अधिक रहने के कारण मन परेशान रहेगा, लेकिन रक्त संबंधी रिश्तों में दूरियां आ सकती है, इसलिए आपको परिवार के सदस्यों को भी समय देना होगा। संतान के मनमौजी स्वभाव के कारण आपकी उनसे कहा सुनी हो सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी को लेकर कहीं लॉन्ग ड्राइव पर जा सकते हैं।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। दानपुण्य के कार्यों में भी आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको अपने कामो में सुख शांति बनाए रखने की आवश्यकता है। सामाजिक में कार्यक्रम में आपकी अच्छी छाप रहेगी। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आपका कोई सरकारी काम यदि रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। बिजनेस कर रहे लोगों को कोई बड़ा टेंडर मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए आलस्य को दूर भगाकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप अपने स्वास्थ्य पर भी थोड़ा ध्यान दें और कामों को सूझबूझ दिखाते हुए करें। कार्य क्षेत्र में किसी के बहकावे में ना आए, क्योंकि कोई आपको गलत मार्गदर्शन दे सकता है। मनोरंजन के कामों पर आप अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ आप किसी पार्टी को करने की योजना भी बना सकते हैं।

## जब शर्म पर बजती हैं तालियाँ

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



हंसी की आड़ में छिपा दुख एक बार का ज़िक्र है, एक देश था जहां गंभीरता और व्यंग्य एक साथ चलते थे, जैसे दो सहेली जो एक-दूसरे की चुटकी लेती हैं। वहां मैं, एक साधारण वक्ता, अक्सर बड़ी-बड़ी बातों पर बोलने के लिए बुलाया जाता था—देश का भविष्य, युवा का असंतोष, संस्कृति की उलझनें, और छात्रों की निरंतर पीड़ा। आमंत्रण ऐसे होते थे जो आमंत्रण कम धमकी ज्यादा लगते थे। शब्द बेतरतीब, व्याकरण खराब। लेकिन उस देश में जहां भाषा की शुद्धता एक विद्रोह की तरह थी, मैंने कभी इन गलतियों की ओर इशारा नहीं किया। क्या मैं मूर्खता और गद्दारी का ठप्पा मोल लेना चाहता था? नहीं। बस, मैं अपने भाषण देता और वहां से आगे बढ़ जाता। धार्मिक सभाएं मेरी नियमित ठिकानों में शामिल हो गई थीं। अजीब बात थी कि आयोजकों और उपस्थित लोगों को न तो धर्म की परवाह थी और न ही ज्ञान की। उनका एक ही लक्ष्य था—एक सफल कार्यक्रम का आयोजन, जहां तालियों की गूंज सोच-विचार से अधिक हो। उन्हें पता था कि मेरा हास्य और शब्द साधारण सभा को एक अद्भुत मंच में बदल सकते हैं। मुझे उचित धन दिया जाता, ताकि मेरी उपस्थिति उनके लिए मूल्यवान बनी रहे। और अगर कोई दुष्कर्म की आशंका होती, तो मैंने हमेशा पुलिस को नजदीक रखा। पवित्रता के इस झूठे आवरण के पीछे, सुविधाओं की मशीनरी चुपचाप चलती रही। फिर एक दिन एक संत की स्मृति में आयोजन आया—एक ऐसा क्रांतिकारी विचारक जिसने कहा था कि सत्य बहुआयामी है और प्रश्न पूछना अंधी स्वीकृति से बेहतर है। इस संत ने वैज्ञानिक सोच की नींव रखी, जिसने महान विद्वानों को जन्म दिया। लेकिन समय के साथ, उनकी विरासत महज भगवान के स्वरूप और काव्य की बहसों में खो गई थी। मंच पर एक भयंकर विडंबना थी। मैं, एक थका हुआ वाचक, दिगंबर और श्वेतांबर भिक्षुओं के बीच बैठा था। दोनों के बीच की नफरत स्पष्ट थी। मैंने एक मजाक किया: जब बुनाई कम थी और राजा सबसे अच्छे वस्त्र पहनते थे, तब हमारे विचारक सच्चाई के कपड़े पहनते थे। आज हम बेहतरीन तर्कों का बुनाई करते हैं, लेकिन फिर भी विचारों को नग्न छोड़ देते हैं। क्या यह पाप नहीं है? देखिए, मैंने आगे कहा, अब तो हर कोई खुद को बुद्धिजीवी समझता है, लेकिन जब सच्चाई की बात आती है, तो सबके मुंह पर ताले लग जाते हैं। क्या यह नहीं है कि हम ज्ञान का जश्न मनाते हैं, जबकि असली समझ हमें कहीं खोई हुई लगती है? जब अज्ञानता पर सबसे महंगे वस्त्र धारण किए जाते हैं, तो क्या यह पाप नहीं है कि हम अपनी आँखें बंद कर लेते हैं? इस पर, दर्शकों ने एक पल के लिए हंसने का प्रयास किया, लेकिन फिर असहजता ने उन्हें घेर लिया। क्या हम वाकई अपनी आँखों के सामने चल रहे इस तमाशे को देखने की हिम्मत करेंगे, या फिर उसी झूठे ज्ञान के महलों में सुरक्षित रहेंगे, जहां हर कोई बस अपने असली रूप को छिपाने का प्रयास कर रहा है? जब मेरी बारी आई, मैंने गंभीरता से कहाः तीन घंटे पहले, मैं कुछ और था। तीन घंटे बाद, मैं तुम्हारी तरह ही हूँ। यह मेरी सच्चाई है। जैसा कि अनुमान था, दर्शकों ने फिर से हंसी और तालियों से प्रतिक्रिया दी। विडंबना की ये लहरें उनके आनंद में खो गईं। वे मेरे प्रदर्शन का मजा ले रहे थे, अपने गहरे दुख की ओर बेखबर। जैसे ही मैं वहां से चला गया, मैंने इस खोखले उत्तर पर विचार किया, उन तालियों पर जो मेरी निंदा का उत्सव मनाने लगीं। एक और कार्यक्रम आया, इस बार एक अमीर क्लब में। मैंने भ्रष्टाचार और असमानता पर ऐसा गुस्सैला भाषण दिया, जैसे मेरा दिल फटने को था। हम एक पतित लोग हैं! मैंने चिल्लाया। तालियां गूंजीं। हमारी नैतिक गिरावट भयंकर है। और अधिक तालियां। हर एक तीर, हर एक सत्य, तालियों की बारिश में मिलता गया। रात का यह कार्यक्रम सफलता का प्रतीक समझा गया, लेकिन सफलता का पैमाना आत्म-चिंतन में नहीं, बल्कि तालियों की संख्या में था। हर रात, मैं घर लौटता, खोखली हंसी की गूंज से मैं प्रकंपित होता एक ऐसा समाज जो अपनी शर्म पर ताली बजाता है—क्या यह कभी क्रांतिकारी पैदा कर सकता है? शायद, मैंने सोचा, लेकिन केवल तब, जब उन हाथों को काट दिया जाए जो शर्म के लिए ताली बजाते हैं और वे मुंह जो सत्य पर हंसते हैं, चकनाचूर हो जाएं।

## धर्म

# सरिता-श्रद्धा का महासंगम 'राजिम कुंभ कल्प'

विजय मिश्रा 'अमित'



भारत के मानचित्र पर हृदय प्रांत के रूप में छत्तीसगढ़ अंकित है।ऐसे प्रांत की भूमि में कला,संस्कृति, साहित्य,धर्म,इतिहास की अनगिनत गाथाएं सुवासित हैं।जिनकी महक भारत की दहलीज को लांघकर विदेशों में भी बिखरी है।इस बात को 'राजिम कुंभ कल्प 2025' सम्पूर्ण सत्य और तथ्य के साथ निर्विवाद स्थापित करता है। यह केवल मनोरंजन मेला नहीं छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा अध्यात्मिक मेला भी है। यह मणिकांचन संयोग ही है कि उत्तर प्रदेश की धर्म नगरी प्रयागराज में गंगा- जमुना- सरस्वती नदियों के संगम में महाकुंभ का आयोजन चल रहा है।ऐसे ही छत्तीसगढ़ राज्य का प्रयाग राजिम में महानदी -सोढूंर- पैरी जैसी सरिताओं की त्रिवेणी संगम स्थल पर राजिम कुंभ कल्प का भव्य आयोजन होने जा रहा है। 12 फरवरी से 26 मार्च तक चलने वाले इस पारंपरिक धार्मिक मेला को भव्य स्वरूप देने के लिए इस वर्ष छत्तीसगढ़ शासन की ओर से लगभग बावन एकड़ क्षेत्र में सर्वजनहिताय बहुउद्देशीय नया मेला स्थल विकसित किया गया है। विदित हो कि छत्तीसगढ़ में राजिम की भांति शिवरीनारायण में महानदी, शिवनाथ, जोंक नदी तथा राजनांदगांव के डोंगरगावं के करीब सांकरदाहरा में शिवनाथ, डालाकस,और कुरुर्नाला नामक तीन नदियों का संगम होता है,पर छत्तीसगढ़ में राजिम को ही प्रयागराज के त्रिवेणी संगम की तरह मान्यता प्राप्त है। यहां छत्तीसगढ़ के निवासी अपने पुरखों का पिंडदान सहित परिजनों की मृत्युपरांत किए जाने वाले संस्कार, मुंडन,कर्मकांड, अस्थि विसर्जन आदि पूरी श्रद्धा के साथ करते हैं। इसीलिए अध्यात्म -आस्था सहित संस्कृति का मनमोहक नजारा,पखवाड़ा भर यहां कुम्भ कल्प में नजर आता है। अति प्राचीन काल से छत्तीसगढ़ का महा माघी पुन्नी मेला के नाम से पहचान बना चुके राजिम के मेला को भाजपा सरकार ने राजिम कुंभ कल्प नाम देकर राष्ट्रीय क्षितिज प्रतिष्ठित करने का सफल प्रयास किया है। फलस्वरूप अब भारत के विभिन्न प्रांतों सहित विदेशी धमार्लुओं का आगमन भी यहां बड़ी संख्या में होने लगा है। विभिन्न सम्प्रदायों के साधु -संत -महात्माओं की भागीदारी प्रतिवर्ष राजिम कुंभ कल्प में बढ़ती जा रही है।इन अर्थों में यह मेला समाज की समरसता, एकता, चिरपुरातन



संस्कृति की सुदृढ़ता को बनाए रखने का जीता जागता सशक्त माध्यम है। इसे दृष्टिगत रखते हुए राजिम कुंभ स्थल पर शांत -सौहार्दपूर्ण माहौल हो।साथ ही समुचित खान- पान, मनोरंजन,आवागमन, स्वास्थ्य तथा स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए स्थल को सम्पूर्ण सुविधायुक्त बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा उच्चस्तरीय प्रयास किए गये हैं।अति विशिष्टजनों की आवा-जाही को सुगम बनाने हेतु हैलिपैड का निर्माण भी यहां किया गया है। राजिम कुंभ में आने वाले अनेक ग्रामीण परिवार महानदी की रेत अस्थाई आवास बनाकर कई कई दिनों तक रहते हैं,अतः दैनिक दिनचर्या,नित क्रियाकर्मों के सुलभ संचालन हेतु राज्य शासन की ओर से मेला स्थल पर माकूल प्रबंध किए जा रहे हैं। मीना बाजार, पारम्परिक शिल्पकला बाजार,खेल तमाशे के साथ ही प्रतिदिन संध्या भजन, प्रवचन,लोककलाओं,लाईट शो जैसे कार्यक्रम जनरंजनार्थ करने की तैयारी है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि प्रभु श्री राम के साथ वनवास पथ पर सहगामिनी बनी माता जानकी ने यहां से गुजरने के दौरान महानदी की रेत से शिवलिंग निर्मित कर पूजा अर्चना की थी। वही आज कुलेश्वर महादेव के नाम से ख्याति प्राप्त हैं।बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुजन यहां के कुलेश्वर महादेव के दर्शन करने के उपरांत पटेवा के पटेश्वर महादेव, चंपारण के चंपेश्वर महादेव, फिंगेश्वर के महादेव और कोपरा के कोपेश्वर स्वयंभू शिवलिंग का दर्शन करने पंचकोसी परिक्रमा करते हैं। राजिम कुंभ मेला का महत्व और भी अधिक इसलिए बढ़ जाता है,क्यों कि महानदी के तट पर भगवान राजीव लोचन का अतिप्राचीन मंदिर है।प्रभू राजीव लोचन का जन्मोत्सव माघ माह की पूर्णिमा को ही मनाया जाता है।धमार्चार्यों का कहना है कि जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए उड़ीसा से भगवान जगन्नाथ राजिम आते हैं।राजिम कुंभ स्थल से कुछ दूरी पर महाप्रभु वल्लभाचार्य जी का प्रकाट्य स्थल चंपारण तथा भक्त माता कर्मा और लोमस ऋषि का आश्रम भी जनमन को मोहित करते हैं। ऐसी खासियत के कारण ही धर्म नगरी राजिम को तीर्थों का संगम सहित परस्पर मेलजोल-संवाद का बृहद केंद्र बिंदु भी कहते हैं। राजिम मेले में संत समागम, गंगा आरती, धार्मिक प्रवचन, शाही स्नान तथा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।इस दृष्टि से यह धार्मिक श्रद्धालुओं, पर्यटकों सहित सांस्कृतिक विरासत की अक्षुण्णता की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।



# नाबालिग वर के विवाह को रुकवाया प्रशासन की टीम ने

■ परिजनों को दी समझाइश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 10 फरवरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में बाल विवाह के रोकथाम के लिए कलेक्टर के मार्गदर्शन में गठित जिला प्रशासन की संयुक्त टीम को एक बाल विवाह रोकने में सफलता मिली है। प्राप्त सूत्रों के अनुसार जिला दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत छोटे तुमनार में बाल विवाह होने की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन दंतेवाड़ा को प्राप्त हुई थी। इसपर तत्काल कार्यवाही करते हुए चाइल्ड हेल्प लाईन, पुलिस थाना गीदम, परियोजना गीदम एवं जिला बाल संरक्षण इकाई दंतेवाड़ा की संयुक्त टीम ने विवाह कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर वर एवं वधु का आयु का सत्यापन किया, जिससे वधु द्वारा बताये गये आयु एवं वर के शैक्षणिक प्रमाण-पत्र में उल्लेखित जन्मतिथि के अनुसार वधु की आयु पूर्ण पाई गई परन्तु वर की वैधानिक आयु, विवाह हेतु पुर्ण नहीं थी। थे। जहाँ कार्यवाही के दौरान वधु पक्ष द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक दस्तावेज अनुसार वधु की वर्तमान आयु 20 वर्ष 9 दिन उल्लेखित थी। परन्तु वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण नहीं होना पाया गया। इसके मद्देनजर वर के कम आयु होने पर प्रशासन की टीम द्वारा वर वधु के परिजनों को समझाइश देते हुए बाल



विवाह प्रतिषेध अधिनियमों से अवगत कराया गया। तत्पश्चात वर पक्ष, बालक के विवाह की वैधानिक आयु पूर्ण होने से पहले विवाह नहीं कराए जाने पर सहर्ष राजी हो गए। इसके साथ ही ग्राम छोटे तुमनार के वासियों द्वारा भी भविष्य में गाँव में अपनी ओर से बाल विवाह नहीं होने देने का वादा भी किया गया। विवाह कार्यक्रम स्थल पर वर-वधु पक्ष के परिवार के लोगों को उपस्थित समिति द्वारा समझाइश देते हुए बताया गया कि बाल विवाह केवल सामाजिक बुराई ही नहीं बल्कि कानूनन अपराध भी है, ऐसे विवाह में शामिल माता-पिता, रिश्तेदार, पुरोहित सभी अपराधी माने जा सकते हैं तथा बाल विवाह करने और कराने वाले को दो वर्ष तक कारावास एवं एक लाख रुपए तक जुर्माना भी हो सकता है। दोनों पक्षों की सहमति से समिति द्वारा कार्यवाही पूर्ण कर वधु को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस संबंध में समिति के द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई को निर्देशित किया गया है कि, निर्धारित समय अनुसार, बाल विवाह का फॉलोअप किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

बाल विवाह रोकथाम संबंधी संपूर्ण कार्यवाही के दौरान, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री वरूण सिंह नागेश, प्रभारी जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्री रविशंकर सनाड्य, आउटरीच वर्कर श्रीमती ममता ठाकुर, सेक्टर पर्यवेक्षक सुश्री रेणु घिवडोड़े, पुलिस विभाग गीदम, एवं सुपरवाईजर प्रेम कोमरे चाइल्ड हेल्पलाइन के सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### तीन चरणों में होने वाले पंचायत चुनाव के लिए प्रशासन अलर्ट

**सुकमा, 13 फरवरी।** सुकमा जिले में नगरपालिका नगर पंचायत चुनाव 11 फरवरी को मतदाताओं ने अपने अपने मत को इवीएम में कैद कर लिया गया है. वहीं राजनीतिक गलियारों में सरगर्मियां तेज हुई है. 15 फरवरी को किसकी बजेगी डंका किसकी होगी जमानत जब्त मतदाताओं ने तय कर लिया है। सुकमा जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले के तीनों ब्लॉक में तीन चरणों में चुनाव संपन्न कराया जाएगा। जहां प्रथम चरण का चुनाव सोमवार 17 फरवरी को सुकमा ब्लॉक में एवं दूसरे चरण चुनाव गुरुवार 20 फरवरी को छिंदगढ़ ब्लॉक में, तीसरे अंतिम चरण का चुनाव रविवार 23 फरवरी को कोंटा ब्लॉक में संपन्न होगा।

**नक्सली चुनाव बहिष्कार कर रहे**-नक्सलियों ने भी उसकी सुरक्षित गढ़ में चुनाव बहिष्कार कर रहे हैं। जिसको लेकर जिला प्रशासन अलर्ट जारी कर रही है। मतदान केन्द्रों को सुरक्षित करने के लिए जवानों की तैनाती व लगातार अपरेशन जारी कर दी गई है।

### व्यय प्रेक्षक ने किया द्वितीय व्यय लेखा परीक्षण

**दंतेवाड़ा, 13 फरवरी।** राज्य निर्वाचन आयोग निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) के आदेश 2024 के अनुपालन में निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर (प्रोफार्मा-क) की जांच हेतु निर्धारित द्वितीय लेखा मिलान तिथि विगत दिवस 08 फरवरी को नगर पालिका के समस्त अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्ति-व्यय अभिलेखों सहित लेखा का मिलान व्यय प्रेक्षक श्री एम. ए मुस्तफा द्वारा कराया गया। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के नियम 14-ख के तहत प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचन की तारीख से 30 दिवस के अंदर अनिवार्य रूप से लेखा प्रस्तुत करने हेतु व्यय प्रेक्षक द्वारा समस्त अभ्यर्थियों को अवगत भी कराया गया।

### किरंदुल, बचेली में घर-घर जाकर मतदाताओं को वोटिंग मशीन की जानकारी दी

**दंतेवाड़ा, 13 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विगत 08 फरवरी को नगर पंचायत बारसूर में तहसील कार्यालय वार्ड क्रमांक 11 एवं 15 वार्ड, तथा नगर पालिका किरंदुल, बचेली में प्रशिक्षकों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अलावा सभी वार्डों में मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से मतदान हेतु जागरूक भी किया जा रहा है एवं मतदाताओं से 11 फरवरी सुबह 8 बजे से 5 बजे तक पोलिंग बूथ में आकर वोट डालने का आग्रह भी इसी दौरान किया गया।

### मेले में आपस में टकराने की बात को लेकर एक युवक की चाकू से हमला कर हत्या

**जांजगीर चांपा, 13 फरवरी।** जिले के शिवरीनारायण मेले में आपस में टकराने की बात को लेकर 11 नाबालिक लड़के और 2 युवकों ने मिलकर एक युवक दीपेश बर्मन की लात घुसे और चाकू से हमला कर हत्या की है। मामले में पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है,घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र की है। जानकारी अनुसार, मृतक दीपेश बर्मन 19 वर्ष बलौदा बाजार जिले के मोहतरा गांव का रहने वाला था। बुधवार की रात करीबन 9 बजे अपने अन्य साथियों के साथ शिवरीनारायण में चल रहे मेले में घूमने के लिए आया हुआ था। इस दौरान मेले में कुछ अन्य युवकों से आपस में टक्कर होने पर विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद से दीपेश बर्मन पर 11 नाबालिक लड़के और 2 युवक ने मिलकर पहले जमकर लात घुसे और बेल्ट से पिटाई की वही कईयों ने चाकू से पीट पर हमला कर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर शिवरीनारायण पुलिस मौके पर पहुंची और दीपेश बर्मन को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत मृत घोषित किया। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। वही मारपीट कर हत्या के 11 नाबालिक लड़के और 2 युवकों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जिसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### 108 एम्बुलेंस का चालक नौकरी से बर्खास्त: मारपीट व अपहरण का आरोप, एफआईआर दर्ज



**कोरबा 13 फरवरी।** 108 एम्बुलेंस के जिला प्रबंधक (मैनेजर) को बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है. 108 एम्बुलेंस के ड्राइवर और उसकी महिला साथी ने मिलकर जिला प्रबंधक प्रिंस पांडे का पहले अपहरण किया। दोनों ने मिलकर प्रिंस के साथ मारपीट की और उसे एक घर में बंद कर दिया। मामले में कंपनी ने आरोपी ड्राइवर को बर्खास्त कर दिया है, साथ ही थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। जानकारी के मुताबिक, जय अंबे इमरजेंसी सर्विस रायपुर में कार्यरत प्रिंस पांडे कोरबा में 108 सेवा का जिला प्रबंधक है. कुछ समय पहले प्रिंस ने 108 एम्बुलेंस के ड्राइवर मोतीलाल यादव को निलंबित कर दिया था। बताया जाता है कि मोतीलाल आदतन शराबी है. निलंबन की कार्रवाई से नाराज मोतीलाल ने महिला साथी किरण चैहान के साथ मिलकर पहले प्रिंस पांडे का अपहरण किया। पीड़ित युवक को मेडिकल कॉलेज परिसर ले जाकर उसके साथ मारपीट की। जब पिटाई से प्रिंस बेहोश हो गया तो आरोपियों ने दादर के पास एक घर में उसे बंद कर दिया। प्रिंस ने होश आने के बाद अपने दोस्त और कोरबा पुलिस को घटना की जानकारी दी। पीड़ित ने पुलिस को अपना लोकेश शेयर किया। जिसके बाद पुलिस ने प्रिंस को छुड़ाकर लाई, सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना ने बताया कि आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया गया है।

## नेशनल लोक अदालत के आयोजन के लिए न्यायिक अधिकारियों की बैठक ली गई

**कोरबा 13 फरवरी।** नालसा नई दिल्ली एवं छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा दिनांक 08 मार्च, 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, बैंक के प्रकरण, लिखत पराक्राम्य अधिनियम 138, वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण एवं अन्य व्यवहार वाद के प्रकरण रखे जायेंगे। माननीय श्री सत्येंद्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों जिसमें 5 से 10 वर्ष से अधिक वाले प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समझौता हेतु रखे जाने हेतु न्यायिक अधिकारियों की बैठक ली गई।

जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश एस.सी.ध्एस.टी. (पी.ए.) एक्ट कोरबा, श्रीमति गरिमा शर्मा, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, डॉ. ममता भोजवानी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटी.एस.सी. (पॉक्सो) कोरबा, श्री सुनील कुमार नंदे, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, अविनाश तिवारी, श्रम न्यायाधीश, श्रम न्यायालय कोरबा, श्री शीलू सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा, श्रीमति प्रतिक्षा अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, श्री सत्यानंद प्रसाद, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, कु. डिम्पल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, श्री मंजीत जांगड़े, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा, श्रीमति ऋचा यादव, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा, श्री लव कुमार लहरे, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा उपस्थित रहें। तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली के न्यायिक अधिकारी विडियों कान्फेसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुये।

## 18 प्रकार के दस्तावेज मतदान केंद्र पर मतदाता की पहचान के लिए होंगे मान्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 10 फरवरी।** नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए मतदान केंद्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अधिकृत दस्तावेजों में क्रमशः भारत निर्वाचन आयोग के प्रदाय किया गया मतदाता पहचान पत्र, बैंक पासबुक, डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र पैन कार्ड, आधार कार्ड, राज्य या केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों के उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, केन्द्रीय अथवा छ.ग. राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल का जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौंसिल का अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय-पत्र, फोटोयुक्त निःशक्तता प्रमाण-पत्र, छत्तीसगढ़ शासन का जारी वैध फोटोयुक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय का जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान-पत्र, फेटोयुक्त शस्त्र लाइसेंस एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर एसईसीईआर जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है।

## यूपी पुलिस की वर्दी पहन लोगों पर रौब झाड़ने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ आरोपी को उत्तर प्रदेश पुलिस की वर्दी पहन फर्जी तरीके से ग्राम महकम में घूमते हुए पकड़ा गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 10 फिरवरी।** प्रार्थी पुनीराम सागर निवासी वीर नारायणपुर भुसडीपाली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आज दिनांक 12.02.2025 को प्रातः 09:00 बजे वह घर के किसी काम से ग्राम महकम गया था, जहां पर एक घर में पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति बैठा था। उस व्यक्ति के कंधे पर दो-दो स्टार लगा था तथा उत्तर प्रदेश पुलिस का बैच लगा हुआ था।

ुलिस की वर्दी पहने उक्त व्यक्ति द्वारा स्वयं को उत्तरप्रदेश पुलिस विभाग में नौकरी करना एवं कोई काम होगा तो मुझसे कहना इस प्रकार की बातें कर रहा था। की रिपोर्ट पर चौकी सोनाखान थाना कसडोल में अपराध क्रमांक 108/2025 धारा 204 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में चौकी सोनाखान पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर पुलिस विभाग में नौकरी नहीं करना एवं उत्तर प्रदेश पुलिस का वर्दी खरीद कर पहनकर ग्राम महकम में लोगों के समक्ष स्वयं को पुलिस वाला हूं बताना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में ना होते हुए भी पुलिस की वर्दी पहनकर ग्राम महकम में घूमते फर्जी तरीके से घूमते हुए पाया गया। आरोपी से उत्तर प्रदेश पुलिस की वर्दी कपड़ा, जूता, बेल्ट टोपी आदि जप्त किया गया है।

प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 12.02.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## सुरक्षा की दृष्टि से मतदान केंद्रों में किया गया आवश्यक परिवर्तन

■ 8 मतदान केंद्र किया गया परिवर्तन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 10 फिरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त अनुमति के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 में सुरक्षा की दृष्टि से 8 मतदान केंद्रों के भवन में परिवर्तन किया गया है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर के द्वारा जारी आदेशानुसार ग्राम पंचायत कुन्देड के ग्राम कुन्देड में मतदान केंद्र क्रमांक 02 को हाईस्कूल भवन कक्ष क्रमांक 03 जगरगुण्डा के स्थान पर आँगनबाड़ी भवन कुंदेड में नवीन मतदान केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत केरलापेंदा के ग्राम केरलापेंदा में मतदान केंद्र क्रमांक 22 को माता रुकमणी आश्रम कक्ष क्रमांक 03 चिंतलनार के स्थान पर आंगनबाड़ी भवन केरलापेंदा, ग्राम पंचायत दुलेड़ के ग्राम दुलेड़ में मतदान केन्द्र क्रमाक 32 को प्राथमिक शाला भवन कक्ष क्रमांक 01 मिनपा के स्थान पर आंगनबाड़ी भवन दुलेड, ग्राम पंचायत एलमागुण्ड के ग्राम एलमागुण्डा के मतदान केंद्र क्रमांक 36 को पोटाकेबीन कक्ष क्रमांक 01 चिंतागुफा के स्थान पर प्राथमिक शाला एल्मागुण्डा, ग्राम पंचायत पोटकपल्ली के ग्राम पोटकपल्ली में मतदान केंद्र क्रमांक 38 बालक आश्रम भवन कक्ष क्रमांक 01 क्रिस्टाराम के स्थान पर प्राथमिक शाला पोटकपल्ली कक्ष क्रमांक 01 व मदतान केंद्र क्रमांक 39 को बालक आश्रम भवन कक्ष क्रमांक 02 क्रिस्टाराम के स्थान पर प्राथमिक शाला पोटकपल्ली कक्ष क्रमांक 02, ग्राम पंचायत मानकापाल के ग्राम मानकापाल में मतदान केंद्र कंमाक 17 को आँगनबाड़ी भवन कोर्रा के स्थान पर बालक आश्रम भवन मनकापाल कक्ष क्रमांक 01 और ग्राम पंचायत मानकापाल के ग्राम परिया में मतदान केंद्र क्रमांक 18 को पंचायत भवन कोर्रा के स्थान पर बालक आश्रम भवन मानकापाल कक्ष क्रमांक 2 में नवीन मतदान केंद्र भवन बनाया गया है।

## मगफिरत की रात आज, मुस्लिम समाज के लोग अल्लाह की इबादत और दुआ करेंगे



**रायपुर, 10 फिरवरी।** शब-ए-बारात मनाई जा रही है. इस्लामी कैलेंडर के अनुसार, शब-ए-बारात शाबान महीने की 14वीं रात को मनाई जाती है, जो इस वर्ष 13 फरवरी की रात को पड़ रही है. इस रात को मुस्लिम समुदाय के लोग अल्लाह की इबादत करते हैं, मस्जिदों में नमाज अदा करते हैं, कुरान की तिलावत करते हैं और अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं.

कई लोग अपने पूर्वजों की कब्रों पर जाकर फातिहा पढ़ते हैं और जरूरतमंदों की मदद के लिए दान करते हैं. शब-ए-बारात को मगफिरत की रात भी कहा जाता है, जिसमें यह माना जाता है कि अल्लाह अपने बंदों की दुआएं कबूल करते हैं और उनके गुनाहों को माफ करते हैं.

**क्या है इस पर्व का महत्व**-शब-ए-बारात इस्लामी कैलेंडर के अनुसार शाबान महीने की 14वीं रात को मनाई जाती है. इसे इबादत, तौबा (प्रायश्चित), और मगफिरत (क्षमा) की रात माना जाता है. इस रात को मुस्लिम समाज अल्लाह से दुआ करता है, नफ्ल नमाज पढ़ता है, और अपने पूर्वजों के लिए मगफिरत की दुआ करता है. इस मौके पर कब्रिस्तान जाकर अपने प्रियजनों की कब्र पर फातिहा भी पढ़ते हैं.

### मातृ-पितृ पूजन के लिए योग वेदांत सेवा समिति की हो रही सराहना

## गडकरी,योगी सहित दर्जनों गणमान्य लोगों ने संस्था को भेजी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 10 फिरवरी।** बच्चों में अपने माता-पिता के प्रति आदरभाव के उत्तम संस्कारों का सिंचन हो, माता-पिता का अनुभव व आशीर्वाद लेकर उन्नत जीवन की ओर अग्रसर करने हेतु वर्ष 2006 से पूज्य संत श्री आशारामजी बापू की प्रेरणा से अखिल भारतीय श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा देशभर में फैली 14 सौ से अधिक श्री योग वेदांत सेवा समिति के माध्यम से 14 फरवरी को सच्चा प्रेम-दिवस ÷मातृ-पितृ पूजन दिवस÷ मना रहे है।



श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के रोहित चंद्राकर व संजय साहू ने बताया कि पिछले 19 वर्षों से पूज्य बापूजी की प्रेरणा से देशभर में 2 महीने पूर्व से कार्यक्रम प्रारंभ कर दिए जाते है तथा 14 फरवरी के दिन विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। राजनांदगांव में भी 1 जनवरी से मातृ-पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम की शुरुआत की जाती है जो 28 फरवरी तक लगातार चलती है । राजनांदगांव जिले में अब तक तीन सौ से अधिक कार्यक्रम किये जा चूंके है जिसमे बच्चों द्वारा 70 हजार से अधिक माता-पिता का सामूहिक पूजन किया जा चुंका है। इस मातृ-पितृ पूजन की जितनी सराहना करें कम है क्योंकि ये पर्व सिखाता है कि माता-पिता से बढ़कर कोई और नही । यह दिन उनके उपकार को याद करने और इस दिन को खास बनाने के लिए पूज्य बापूजी ने मातृ-पितृ पूजन दिवस की शुरुआत की । यह कार्यक्रम देशभर के लोगो को बहुत पसंद आ रहा है यहां तक कि इस कार्यक्रम की प्रसंसा करने नही थक रहे और इसी कारण से देशभर के विभिन्न गणमान्य हस्तियां अपने लेटर हेड के माध्यम से संस्था को अपनी शुभकामनाएं भेज रहे है ।

**देशभर में हो रहे मातृ-पितृ पूजन का देश के गणमान्य लोगों ने दी अपनी शुभकामना**-सभी जाति, धर्म व सम्प्रदाय के लोगो को यह पर्व बहुत पसंद आ रहा है । बढ़चढ़ कर इस अभियान में जुड़ रहे है और करोड़ो माता-पिता का पूजन कर बच्चे धन्य हो रहे है । इसी कारण से देशभर के गणमान्य हस्तियां भी इस आयोजन से प्रभावित हो रहे है और अपनी भावनाओं को पत्र के माध्यम से संस्था को प्रेषित कर रहे है।

## समाचार संक्षेप

### वित्त मंत्री की बजट प्रस्ताव पर राजस्व मंत्री के साथ मंत्री स्तरीय चर्चा



**रायपुर, 10 फरवरी।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने यहां मंत्रालय महानदी भवन में मंत्री टंक राम वर्मा के साथ उनके विभागों राजस्व, आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण से सम्बंधित 2025-26 के मुख्य बजट एवं नवीन मद के प्रस्तावों पर व्यापक चर्चा की। इस मौके पर वित्त विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल, राजस्व विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता सहित राजस्व एवं खेल विभाग और वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### शिक्षक भर्ती में घूस लेने का आरोप, बिना किसी सूचना के साक्षात्कार अचानक बंद



**बेमेतरा।** बेमेतरा जिला शिक्षा विभाग द्वारा जारी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में अचानक साक्षात्कार को बंद कर दिया गया है, जिससे दूर-दूर से पहुंचे अभ्यर्थी परेशान हो गए हैं. गौरतलब है कि बेमेतरा जिले के विभिन्न स्वामी आत्मानंद स्कूलों में 76 शिक्षकों के पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था. योग्य उम्मीदवारों का चयन करने के लिए 12, 13 और 14 फरवरी को साक्षात्कार निर्धारित था, लेकिन आज अचानक बिना कोई पूर्व सूचना के साक्षात्कार बंद कर दिया गया है. वहीं अभ्यर्थियों ने शिक्षा विभाग पर गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि साक्षात्कार में शामिल होने के लिए उनसे 3-4 लाख रुपये घूस की मांग की गई थी. मीडिया में घूस लेने की बात सामने आने के बाद प्रशासन ने भर्ती प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है.

### जिले के नगरीय निकायों में हुआ 67.21 प्रतिशत मतदान



**सुकमा, 12 फरवरी।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के तहत आज जिले की नगरपालिका परिषद सुकमा और नगर पंचायत दोरनापाल के मतदाताओं ने उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। मंगलवार को जिले के सभी नगरीय निकायों में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण के मार्गदर्शन में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निर्बाध रूप से संपन्न हुआ। नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत नगर पालिका परिषद सुकमा में 64.11 प्रतिशत यानी 8667 मतदाताओं ने वोट किया। इनमें 4 हज़ार 171 यानी 66.37 प्रतिशत पुरुष मतदाता और 4 हज़ार 446 यानी 68.01 प्रतिशत महिला मतदाता मतदान प्रक्रिया में शामिल हुए। स्थानीय निर्वाचन शाखा से प्राप्त मतदान के अंतिम आंकड़े के अनुसार नगर पंचायत दोरनापाल में 77.71 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### नगरीय निकाय में मतदान के बाद ईवीएम स्ट्रांग रूम में जमा

**सुकमा, 13 फ़रवरी।** सुकमा नगर पालिका परिषद् और दोरनापाल नगर पंचायत में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 11 फरवरी 2025 को संपन्न हुआ। नगर पालिका परिषद सुकमा मे शांतिपूर्ण चुनाव के बाद सभी मतदान दलों ने देर रात 10 बजे तक शासकीय आईटीआई कॉलेज सुकमा में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) जमा किया गया। इसी प्रकार नगर पंचायत दोरनापाल में सांस्कृतिक भवन में बनाए गए स्ट्रॉग रूम में मतदान दलों ने ईवीएम जमा किया गया। सुकमा जिले के नगरीय निकाय क्षेत्र के 30 वार्डों के लिए बनाए गए 31 मतदान केंद्रों की ईवीएम को सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम में रखा गया। इसके साथ ही जिले की सभी ईव्हीएम को सील किया गया और सुरक्षित स्ट्रॅान्ग रूम मे रखा गया 7 मतदान के बाद, सभी मतदान दलों ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मतदान सामग्री को सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम में पहुंचाया। जिससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

## एक नजर

### हत्या के आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**भोपालपटनम, 13 फरवरी।** थाना भोपालपट्नम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुऐ हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया ।दिनांक 11/02/2025 को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 10/02/2025 की दरम्यानी रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा कुम्मर सम्मैया की डंडे से मारकर हत्या कर दी गई है। प्रकरण में थाना में अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया।जांच में गवाहों के कथन एवं उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर संदेही सुनारकर सुमन ऊर्फ सम्मैया से पूछताछ करने पर बताया गया कि मृतक कुम्मर सम्मैया के द्वारा सोने के लिए मना करने पर शराब के नशे में पास रखे डंडे से सिर पर प्राणघातक वार कर हत्या करना स्वीकार किया गया।प्रकरण में हत्या के आरोपी सुनारकर सुमन ऊर्फ सम्मैया को हत्या में प्रयुक्त आलाजरब के साथ गिरफ्तार किया गया।प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध थाना भोपालपट्नम में वैधानिक कार्यवाही उपरांत न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया है।

### नगरीय निकाय चुनाव-25 की मतदान संवीक्षा प्रक्रिया पूरी



**महासमुंद, 13 फरवरी ।** नगरीय निकाय चुनाव मतदान के दूसरे दिन आज बुधवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में मतदान संबंधी संवीक्षा (स्क्रूटनी) सामान्य पर्यवेक्षक श्री जय प्रकाश मौर्य, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरी की गई।बैठक में नगरीय निकायों में ऐसे मतदान केन्द्र जहां नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में संपन्न हुए मतदान में पूर्व के निर्वाचन की अपेक्षा कम या अधिक मतदान होने के साथ-साथ उनकी संवेदनशीलता की विस्तार की समीक्षा की गई। सामान्य पर्यवेक्षक श्री मौर्य ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदान प्रक्रिया को लेकर फीडबैक लिया। उनके प्रतिनिधियों ने संतोष जताते हुए बताया कि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुए।सामान्य पर्यवेक्षक श्री मौर्य ने चुनाव प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि नगरीय निकाय चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए हैं।

### नवीन मेला मैदान में शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल रमन डेका ने कहा

# राजिम कुंभ हमारी समृद्धि सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का प्रतीक







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 13 फरवरी।** राजिम त्रिवेणी संगम राजिम के पावन तट पर नवीन मेला मैदान राजिम-चौबेबांधा में आयोजित राजिम कुंभ कल्प मेला के शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक चलने वाले 15 दिवसीय राजिम कुंभ कल्प के शुभारंभ अवसर पर मुख्य मंच में राज्यपाल श्री डेका एवं मौजूद अतिथियों और संतों ने भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। साथ ही प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शुभारंभ अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजिम की इस पावन भूमि पर जहां महानदी, पैरी और सोंढूर का संगम होता है, वहां एक महत्वपूर्ण आयोजन के साक्षी बनने के लिए हम सभी एकत्र हुए हैं। यह माघी मेला, जिसे हम सभी 'कल्प कुंभ' के नाम से जानते हैं, यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का प्रतीक है। हमारे छत्तीसगढ़ का यह मेला न केवल श्रद्धा और आस्था का केंद्र है, बल्कि समाज में एकता, समरसता और परम्परा का सरंक्षण का भी संदेश देता है। राज्यपाल ने कहा कि राजिम, सदियों से संतों और भक्तों का केंद्र रहा है। यहां का प्रसिद्ध राजीव लोचन मंदिर, जो भगवान विष्णु को समर्पित है, हमारी आस्था का प्रमुख प्रतीक है। इसके अलावा, भगवान कुलेश्वर महादेव, रामचंद्र पंचेश्वर महादेव, भूतेश्वर महादेव ,सोमेश्वर महादेव जैसे प्राचीन मंदिर हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत की गहराई को दर्शाते हैं। इन मंदिरों की वास्तुकला भी हमारे इतिहास की समृद्धि को प्रकट करती है। पंचकोशी यात्रा जिसमें कुलेश्वर, चम्पेश्वर, ब्रह्मनेश्वर, फणीश्वर, कोपेश्वर महादेव शामिल है यह यात्रा विश्व प्रसिद्ध है।इस वर्ष का राजिम कुंभ मेला और भी खास है, क्योंकि यह उस समय आयोजित हो रहा है जब प्रयागराज में महाकुंभ का भव्य आयोजन हो रहा है। यह एक अनोखा संयोग है, जो हमें हमारी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक एकता की याद दिलाता है। जहां गंगा, यमुना और सरस्वती का प्रयागराज में संगम होता है, तो राजिम में महानदी, पैरी और सोढूंर का संगम होता है। यही कारण है कि इसे 'छत्तीसगढ़ का प्रयागराज' भी कहा जाता है।शास्त्रों में माघ मास को पुण्य माह माना गया है और सदियों से इस पावन अवधि में त्रिवेणी संगमों में स्नान की परंपरा चली आ रही है। छत्तीसगढ़ में धार्मिक पर्यटन की परंपरा रही है। राज्य में महामाया मंदिर, बम्लेश्वरी माता, दंतेश्वरी माई, मड़कू आइसलैंड जैसे कई ऐतिहासिक, धार्मिक केंद्र हैं, जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करते हैं।छत्तीसगढ़ में मेलों की भी एक महान परंपरा रही है। ये मेले केवल धार्मिक आयोजन नहीं होते, बल्कि समाज और समुदाय को आपस में जोड़ते हैं। परम्परा का अनुभव और नई पीढ़ी का अपनी जड़ों से जुड़ने का यह एक महत्वपूर्ण माध्यम है। आज इस पावन अवसर पर, मैं यहां उपस्थित सभी संतों और अनुयायाइं को नमन करता हूं। कहा जाता है कि जहां संतों के चरण पड़ते हैं, वह भूमि स्वयं पवित्र हो जाती है। उनके आशीर्वाद से समाज में ज्ञान, समरसता और सकारात्मक ऊर्जा फैलती है। संतों का जीवन हमेशा परोपकार और मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहता है। इतिहास में वाल्मीकि, अजामिल, अंगुलिमाल जैसे कई उदाहरण हैं, जिनका जीवन संतों की कृपा से परिवर्तित हुआ।राजिम कुंभ कल्प मेला न केवल अध्यात्म का केंद्र है, बल्कि यह हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को भी गति प्रदान करता है। लाखों श्रद्धालु और पर्यटक यहां आकर न केवल शांति का अनुभव करते हैं, बल्कि इस आयोजन के माध्यम से समाज में भाईचारे और एकता का संदेश भी फैलता है। मैं इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए छत्तीसगढ़ सरकार और स्थानीय प्रशासन को शुभकामनाएं देता हूं। यह कल्प कुंभ न केवल हमारी धार्मिक आस्था को सशक्त करता है, बल्कि राज्य के पर्यटन और आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं, पर्यटकों और आयोजन में शामिल सभी लोगों से कहा कि हम अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेजें और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। हमारी सांस्कृतिक विरासत ही हमारी पहचान है, और इसे संरक्षण करना हमारा दायित्व है।

इस अवसर पर दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद जी महाराज, महंत साध्वी प्रज्ञा भारती जी महाराज, बालयोगेश्वर बालयोगी रामबालक दास जी महाराज, धर्मस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, रायपुर आयुक्त श्री महादेव कावरे, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के एमडी श्री विवेक आचार्य, गरियाबंद कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल समेत साधु-संतों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## चक्रधर नगर पोल्ट्री फार्म को डिसइंफेक्ट कर सैनिटाइजेशन सर्टिफिकेट किया जारी

**रायगढ़, 13 फरवरी।** चक्रधर नगर शासकीय पोल्ट्री फार्म की साफ -सफाई और डिजइनफेक्शन की प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात पशु पालन विभाग द्वारा सैनिटाइजेशन सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया है। सैनिटाइजेशन प्रमाण-पत्र जारी होने के पश्चात सर्विलांस जोन (1 से 10 किमी) में स्थित पक्षियों एवं पक्षी उत्पाद अण्डों आदि की दुकानें खुल सकेंगी परंतु सर्विलांस जोन (1-10 कि.मी.) की सीमा के अंदर एवं बाहर भी किसी प्रकार के पक्षियों एवं पक्षी उत्पाद अण्डों आदि के परिवहन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, एवियन इन्फ्लूएंजा की रोकथाम और नियंत्रण के लिए कार्य योजना के अनुसार संक्रमित क्षेत्र (0.1 कि.मी.) में कम से कम 3 महीने तक निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर डिसीज मुक्त घोषित होने तक पक्षियों के पालने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सर्विलांस जोन (1-10 कि.मी.) में हर 15 दिन के अंतराल पर बर्ड फ्लू जांच हेतु नमुना लिया जायेगा। प्रत्येक 15 दिन में सर्विलांस जोन के 25 प्रतिशत ग्रामों से नमुने एकत्रित किया जायेगा। जिससे 04 पाक्षिक (प्रत्येक 15 दिन) में क्षेत्र के सम्पूर्ण ग्रामों का नमुना एकत्रीकरण पूर्ण हो जायेगा एवं चारों पक्षिकों के नमूने नेगेटिव आने के पश्चात सर्विलांस जोन को डिसीज मुक्त घोषित किया जा सकेगा। इस प्रक्रिया में कम से कम 03 माह का समय लगेगा।उल्लेखनीय है कि शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र चक्रधरनगर रायगढ़ से भेजे गए सेम्पल की नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्युरिटी एनिमल डिसिज भोपाल के द्वारा 31 जनवरी 2025 को बर्ड फ्लू रोग की पुष्टि की थी। बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के पश्चात कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में एपीसेन्टर शासकीय पोल्ट्री फार्म, रायगढ़ के संक्रमित क्षेत्र में मुर्गी, चुजों के साथ अन्य पोल्ट्री



उत्पाद को नष्ट करने का कार्य किया गया है। जिसके पश्चात भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, एवियन इन्फ्लूएंजा की रोकथाम और नियंत्रण के लिए कार्य योजना (संशोधित-2021) के अनुसार संक्रमित मामला पाए गए पोल्ट्री फार्म की साफ -सफाई और डिजइनफेक्शन का कार्य किया गया। यह प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात पशुपालन विभाग द्वारा सैनिटाइजेशन सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए उप संचालक पशुपालन श्री डी.डी.झरिया ने बताया कि संक्रमित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को चूने के उपयोग, 4 प्रतिशत फॉर्मेलिन और पोटेशियम परमैंगनेट के साथ फूमिगेशन और 2 प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोराइट के साथ स्प्रे द्वारा साफ कीटाणुरहित और स्वच्छ किया गया है। शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में कलिंग की सम्पूर्ण प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण करके संक्रमित क्षेत्र के डिसइंफेक्शन एवं सैनिटाइजेशन प्रक्रिया पूर्ण किया गया।

## नवीन कैंप गुंजेपर्ती में ग्रामीणों को बांटा गया जरूरत का सामान,जांच उपरांत निशुल्क दवाइयां भी दी



**बीजापुर,13 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 07/02/2025 को 229वीं वाहिनी के समवाय ए और एफ के द्वारा नवीन सुरक्षा एवं जनसुविधा कैम्प गुंजेपर्ती की स्थापना की गई है। दिनांक 12/02/2025 को श्री चंदम बॉबी सिंह कमाण्डेंट-229 बटालियन के.रि.पु.बल और श्री नरेश पनवार, कमाण्डंट-205 कोबरा के नेतृत्व में सिवीक एक्सन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमे गुंजेपर्ती गाँव के नंदीपारा, पुजारीपारा, नयापारा एवं पुशपारा गाँव के ग्रामीणों के दैनिक जरूरत का सामान जैसे कंबल, साड़ी, कपड़े, बर्तन, और बच्चों के पढाई से संबंधित किताब, कॉपी, पेन, पेंशिल इत्यादि और खेल-कूद का सामान क्रिकेट बैट, गल्ब्स, हेलमेट, गेंद, वॉलीबाल और खेती-बाड़ी के उपकरणों का वितरण किया है। सिवीक एक्सन प्रोग्रम के दौरान मेडीकल कैम्प का भी आयोजन किया गया मेडिकल कैम्प खुलते ही स्थानीय नागरिक अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु मेडीकल कैम्प में पहुँचे जहाँ 229 बटालियन के डॉ गोतपगार परेश शरद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा उचित परामर्श दी गई एवं मुफ्त में दवाईयाँ वितरित की गयी। सिवीक एक्सन प्रोग्राम एवं मेडीकल कैम्प की स्थानीय लोगों द्वारा जमकर सराहना एवं प्रशंसा की गई है। भविष्य में भी बटालियन के.रि.पु.बल इस प्रकार के मानवता के कार्य करने के लिए सदैव तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहेगी।

## गरियाबंद जिला सर्वाधिक मतदान के मामले में प्रदेश में द्वितीय स्थान पर

- जिले में कुल 84.66 प्रतिशत हुआ मतदान
- कलेक्टर के मार्गदर्शन में निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न हुआ संपन्न
- मतगणना 15 फरवरी को होगी




**गरियाबंद, 13 फरवरी।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत गरियाबंद जिले के 6 नगरीय निकायों में मंगलवार को हुए मतदान के लिए मतदाताओं में अभूतपूर्व उल्लास एवं उत्साह रहा। इसके परिणाम स्वरूप जिले में कुल 84.66 प्रतिशत मतदान हुआ। गरियाबंद जिला सर्वाधिक मतदान के मामले में प्रदेष में द्वितीय स्थान पर रहे। जिले के नगरीय निकायों के कुल 34 हजार 885 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। पहली बार नगर पंचायत के रूप में अस्तित्व में आए नगर पंचायत कोपरा के मतदान केंद्रों में सर्वाधिक 88.87 प्रतिशत मतदान हुआ। नागरिकों ने बढ़-चढकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसी प्रकार देवभोग अंतर्गत 88.69 प्रतिशत, फिंगेश्वर में 86.08, राजिम में 84.53, गरियाबंद में 82.28 एवं नगर पंचायत छुरा में 79.53 प्रतिशत मतदान हुआ। सभी निकायों की मतगणना 15 फरवरी को होगी। मतदान दिवस में सुबह से ही लोगों में मतदान के लिए अच्छा खासा उत्साह रहा, जो मतदान समाप्ति तक बना रहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदान कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हुआ। मतदान में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, दिव्यांजनों सहित सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता रही। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया था, उसी स्थान पर मतदान सामग्री को जमा किया गया। स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रखकर सील कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है की कलेक्टर श्री अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में सफलतापूर्वक निर्वाचन संपादन के लिए मतदान केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। केंद्रों में पानी, छाया, बैठक व्यवस्था, मतदाता मित्र, व्हीलचेयर सहित आदर्श मतदान केन्द्र आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। इसके फलस्वरूप मंगलवार को मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की लम्बी लाईन लग गई थी। सभी मतदाताओं ने कतार में लगकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह सिलसिला मतदान समाप्ति तक चलता रहा। महिलाओं के साथ ही बुजुर्ग, दिव्यांग एवं युवा मतदाताओं के अलावा पहले वोट डालने के लिए भी लोग काफी उत्साहित रहे। जिले के सभी वर्गो के लोगों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों के लिए स्कॉउट गाईड के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में तो कहीं पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ मदद की। उनके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। सेल्फी जोन में फोटो खींचाकर मतदाताओं ने अपनी खुशी जाहिर की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल मतदान केन्द्रों का लगातार मॉनिटरिंग करते रहे। जिले में निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे।

### जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण रहा मतदान

**राजनांदगांव 13 फरवरी ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर जिले के सभी मतदाताओं, राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों, प्रबुद्धजन के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने सभी मतदान दलों एवं मतदान प्रक्रिया से जुड़े सभी शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों, सुरक्षा प्रबंध में लगे पुलिस के जवानों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर ने कहा है कि सभी के साझा प्रयासों और सहयोग से ही जिले में शांतिपूर्ण, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न हो सका है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन में युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों सहित अन्य सभी वर्गों की सराहनीय सहभागिता रही।

## मतदान पश्चात ईवीएम को स्ट्रांग रूम में रखकर राजनीतिक दलों के लोगों की उपस्थिति में किया सील



**बीजापुर,13 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत बीजापुर नगरपालिका में 11 फरवरी को शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। जिसके पश्चात् मतदान दलों की सामग्री जमा केंद्र में सफलतापूर्वक वापसी हुई। मतदान सामग्रियों यथा ईवीएम मशीन एवं बैलेट यूनिट को सुरक्षित रखने स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहाँ कल मतदान पश्चात् सामग्रियों को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सीसीटीवी की निगरानी में सुरक्षित रखा गया है। एवं स्ट्रांग रूम को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मुहरबंद कर कड़ी सुरक्षा में रखा गया है।

## नाम वापसी के बाद भैरमगढ़ ब्लॉक की 12 पंचायतों में सरपंच व 574 वार्ड पंच के पदों पर निर्विरोध चुनाव

**बीजापुर, 13 फरवरी।** भैरमगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीआर साहू ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन व नाम वापसी के बाद जनपद पंचायत भैरमगढ़ के अंतर्गत आने वाली 12 ग्राम पंचायतों में मर्रामेटा, टिन्डोडी, इतामपार, बैल, हुर्रागुवाली, जैगुर, कोडरोंजी, पोटेनार, फोल्लोड, कोतरापाल, मदपाल व बेचापाल के ग्रामीणों ने बैठकर सभी वार्डो के लिए एक-एक पंच व एक सरपंच का नामांकन दाखिल कराया। जिससे निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बनी और निर्विरिध चुनाव हो गया। सीईओ साहू ने ग्रामीण की इस सूझबूझ व एकता की सराहना करते हुए कहा कि अन्य पंचायतों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। सीईओ पीआर साहू के मुताबिक भैरमगढ़ पंचायत के अंतर्गत आने वाली कुल 60 ग्राम पंचायतों में से 12 पंचायतों में निर्विरोध निर्वाचन के बाद बची 48 पंचायतों में सरपंच के लिए 145 प्रत्याशी तथा 749 वार्डों में से 574 वार्डों में निर्विरोध निर्वाचन के बाद बचे 175 वार्डों में 370 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा।वहीं उन्होंने आगे बताया कि जनपद के 15 क्षेत्रों में कुल 33 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतर कर अपना भाग्य आजमा रहे हैं। भैरमगढ़ एसडीएम विकास सर्वे व सीईओ पीआर साहू ने सभी अभ्यर्थियों से आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए सौहार्दपूर्ण व शालीनता से निर्वाचन में भाग लेने का आग्रह किया है।

## ईवीएम स्ट्रांग रूम में जमा, कक्ष को किया सील, 15 फरवरी को मतगणना

**कांकेर 13 फरवरी ।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2025 के तहत नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षद सहित नगर पंचायत के प्रत्याशियों का 11 फरवरी को मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान के पश्चात ई.व्ही.एम. मशीनों को स्ट्रांग रूम में जमा करने के बाद कक्ष को सील किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्री कुमार विश्वरंजन और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम मशीन को रखने के पश्चात कक्ष को देर रात सुरक्षित ढंग से सील किया गया है। स्ट्रांग रूम को सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी में रखा गया है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री जितेंद्र कुर्रे, एसडीम कांकेर श्री अरुण वर्मा सहित निर्वाचन संबंधी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मतगणना के दिन 15 फरवरी को स्ट्रांग रूम को खोला जाएगा।

इसके पहले, नगरपालिका कांकेर सहित नगर पंचायत चारामा, पखांजूर, अंतागढ़ और भानुप्रतापपुर में सभी मतदान कर्मी निर्धारित पोलिंग बूथ से वापस लौटकर सुरक्षित ढंग से एवं मशीन और मतदान सामग्रियों को संबंधित संग्रहण काउंटर में 11 फरवरी की रात्रि में ही जमा करवा दिया था।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध रूप से परिवहन हो रहे गैस सिलेंडर जब्त

**कांकेर 13 फरवरी ।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन में जिला खाद्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर बड़ी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में बिना वैध दस्तावेज के परिवहन किए जा रहे बड़ी संख्या में गैस सिलेंडरों को जब्त किया गया।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि गाड़ी क्रमांक सीजी 07 ब्ळ 07 ठफ 3866 (ट्रक) और ब्ळ 19 भ् 0766 (छोटा हाथी) में 19 किलोग्राम और 13 किलोग्राम के भरे हुए गैस सिलेंडरों को सड़क किनारे एक गाड़ी से दूसरी गाड़ी में स्थानांतरित किया जा रहा था। मौके पर विभाग की टीम द्वारा पहुंचकर जांच की गई तो दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। जिस पर प्रशासन ने छोटा हाथी से 19 किलोग्राम के 43 भरे हुए सिलेंडर और 13 किलोग्राम के 5 भरे हुए सिलेंडर जब्त किया। इसी प्रकार ट्रक से 19 किलोग्राम के 193 खाली सिलेंडर और 13 किलोग्राम के 9 खाली सिलेंडर भी जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए सभी सिलेंडर गो गैस कंपनी के हैं। सिलेंडरों को नियमानुसार थाना कांकेर में अभिरक्षा में रखा गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### नेशनल लोक अदालत 8 मार्च को, प्रधान जिला न्यायाधीश ने अधिवक्ता संघ की बैठक लेकर की समीक्षा

**कांकेर 13 फरवरी ।** आगामी 08 मार्च को छत्तीसगढ़ राज्य में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक-से-अधिक प्रकरणों के निराकरण एवं तैयारी की समीक्षा करने प्रधान जिला न्यायाधीश श्री आनंद कुमार ध्रुव द्वारा आज अधिवक्ता संघ कांकेर में बैठक ली गई। बैठक में इस बात पर विशेष चर्चा की गई की न्यायालय में लंबित प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में राजीनामा के माध्यम से लोक अदालत में निराकृत किए जाने का प्रयास किया जाए। इस दौरान अधिवक्ताओं को सुझाव दिया गया कि वे अपने पक्षकारों के प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकृत कराए जाने के बारे में जरूरी समझाइश दें और उसे राजीनामा हेतु चर्चा करने के लिए न्यायालय समक्ष लेकर आए। उक्त बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी सचिव श्री भास्कर मिश्र, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री नरेंद्र देव सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### वाहन चलाते समय सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट का उपयोग करना अनिवार्य

**कांकेर 13 फरवरी ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी कार्यालयों में कार्यरत समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वाहन चलाते समय सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट का उपयोग करने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में शासकीय कर्मचारियां की मृत्यु तथा गंभीर रूप से घायल होने की दुखद घटनाओं को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा मोटरयान अधिनियम 2019 में वाहन चालन के समय नियमानुसार सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट के उपयोग किया जाना अनिवार्य एवं आवश्यक भी है।

### प्रेक्षक तथा कलेक्टर ने मतदान पश्चात अभ्यर्थियों एवं अभिकर्ताओं की बैठक लेकर संवीक्षा की

**राजनांदगांव 13 फरवरी ।** जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के संचालन एवं प्रेक्षण कार्य हेतु नियुक्त प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जयश्री जैन तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने कृषि उपज मंडी परिसर में नगरीय निकायों के मतदान पश्चात अभ्यर्थियों एवं मतदान अभिकर्ताओं की बैठक लेकर संवीक्षा की। बैठक में नगरीय निकायों में ऐसे मतदान केन्द्र जहां नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में संपन्न हुए मतदान में पूर्व के निर्वाचन की अपेक्षा कम या अधिक मतदान होने के साथ-साथ उनकी संवेदनशीलता की विस्तार की समीक्षा की गई।

## पंचायतों चुनाव के लिए शुष्क दिवस घोषित

**बीजापुर,13 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत वर्ष 2025 के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत बीजापुर जनपद पंचायत क्षेत्र में 15 फरवरी 2025 को संध्या 3:00 बजे से 17 फरवरी 2025 मतगणना समाप्ति तक जनपद पंचायत उसूर के क्षेत्र में 18 फरवरी संध्या 3:00 से 20 फरवरी 2025 को मतगणना समाप्ति तक तथा जनपद पंचायत भैरमगढ़ क्षेत्र में 21 फरवरी संध्या 3:00 बजे से 23 फरवरी 2025 को मतगणना समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके अन्तर्गत जिला बीजापुर के संबंधित क्षेत्रों में निर्धारित तिथि को समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान व एफएल-7 सैनिक केंटीन में मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

## मतदान एवं मतगणना के मद्देनजर शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर, 13 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन-2025 के तहत मतदान एवं मतगणना के समय जिले में देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों, मदिरा दुकानों से संलग्न अहातों एवं एफ. एल7 (सैनिक कैंटीन) में शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने 17 फरवरी को प्रथम चरण के मतदान एवं मतगणना दिवस को शुष्क दिवस घोषित किया है। इसी तरह 20 फरवरी को द्वितीय चरण में होने वाले भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल क्षेत्र की देशी/विदेशी मदिरा दुकान नारायणपुर (भानु.), दुर्गूकोंदल और सैनिक कैंटीन केंवटी में मतदान एवं मतगणना दिवस 18 फरवरी को अपराह्न 03 बजे से 20 फरवरी को मतगणना समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसके अलावा 23 फरवरी को तृतीय चरण के मतदान एवं मतगणना हेतु विदेशी मदिरा दुकान बांदे और सैनिक कैन्टीन अंतागढ़ (कुहचे) में 21 फरवरी के अपराह्न 03 बजे से 23 फरवरी को मतगणना समाप्ति तक उन्होंने शुष्क दिवस घोषित किया है।

### संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# चुनाव में लगे अधिकारी-कर्मचारियों का योगदान सराहनीय : चंद्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 13 फरवरी।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान चन्द्रवाल ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत मंगलवार 11 फरवरी को बालोद जिले के 08 नगरीय निकायों में निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने हेतु मतदान कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न होना हम सभी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस दौरान उन्होंने मतदान कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की भूरी-भूरी सराहना भी की। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



बैठक में चन्द्रवाल ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत 15 फरवरी को होने वाले मतगणना के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने 11 फरवरी को संपन्न मतदान की भाँति मतगणना कार्य को भी बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तैयारियों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने मतदान केन्द्रों में जरूरी व्यवस्थाओं के अलावा सुरक्षा बलों की तैनातगी आदि के संबंध में भी जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अलावा सभी रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश भी दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी से 01 मार्च से प्रारंभ हो रहे कक्षा 12वीं एवं 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन की तैयारियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। चन्द्रवाल ने अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक से जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के जिला कार्यालय के निर्माण हेतु भू-खंड आबंटन के कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद को प्रकरण की जाँच कर भू-खंड आबंटन की कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने अंतर विभागीय प्रकरणों की भी समीक्षा की।

## समाचार संक्षेप

### निकाय चुनाव के उपरांत प्रत्याशी एवं समर्थक लगा रहे है जीत हार के कयास

**सिमगा, 13 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगरीय निकाय चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया है जिसका परिणाम 2 दिवस के पश्चात 15 फरवरी को आना है। लेकिन चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों की बैचेनी को साफतौर पर देखा जा सकता है। प्रत्याशी एवं समर्थक चौक चौराहों में बैठ कर केवल कयास ही लगा रहे हैं। अध्यक्ष पद के एक निर्दलीय प्रत्याशी के परिणाम के पूर्व ही जीत की चर्चा जोरों पर कि वे इस चुनाव में बाजी मार ली है। परंतु भाजपा - कांग्रेस सहित 5 और निर्दलीय प्रत्याशियों की सांसे अटकी हुई है। वहीं 15 वार्डो में पार्षद पद हेतु अपना अपना भाग्य आजमा रहे 47 प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर दिखाई दे रही है। कोई पार्षद पद का प्रत्याशी खुलकर नहीं कह पा रहा है कि मेरी जीत तय है। इस चुनाव में विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 3, वार्ड क्रमांक 5 एवं वार्ड क्रमांक 12 में रोचक मुकाबला देखने मिला क्योंकि इन वार्डों में ही प्रत्याशियों ने मतदाताओं को लुभावने के बेइंतहां खर्च किए हैं। मतदान के दौरान वार्ड 09 एवं वार्ड 14 में ईवीएम मशीन खराब हो गया था जिसे तत्परता पूर्वक निर्वाचन अधिकारी द्वारा सुधार कर व्यवस्थित किया गया।

### माघी पूर्णिमा पर्व पर चितावर में लगा मेला



**सिमगा, 13 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समीपस्थ ग्राम कामता स्थित चितावर देव मंदिर में भूफोड़ शिवलिंग की क्षेत्र में अलग ही मान्यता है जहां श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर आते हैं। यह एक पिकनीक स्पाट भी है। यहां प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी चितावर देव के दर्शन एवं पूजन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मान्यता है कि चितावर देव में जो भी सच्चे मन से अपनी मनोकामना लेकर आते थे। वह मनोकामना पूर्ण होती है। इसी मानयता के आधार पर यहां मेले का आयोजन ग्राम वासियों के द्वारा किया जाता है।

### िअवैध महुआ शराब ले जाते कोचिया गिरफ्तार




**बलौदाबाजार, 13 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आपरेशन विश्वास के तहत थाना राजादेवरी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 12.02.2025 को थाना राजादेवरी की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर मोटरसाइकिल के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध महुआ शराब ले जाते हुए 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 3, 000 कीमत मूल्य का 15 लीटर महुआ शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल छ्त्र06 र्त्त 0503 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना राजादेवरी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम रोहन बारिक उम्र 28 साल निवासी ग्राम चांदन थाना राजादेवरी है।

### सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम 27 फरवरी से 13 मार्च तक

**बलौदाबाजार, 13 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम सामूहिक दवा सेवन एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस गतिविधि 27 फरवरी से 13 मार्च 2025 तक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम अंतर्गत 27 से 2 मार्च तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एंव विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर दवा सेवन, 3 मार्च से 10 मार्च तक समुदाय स्तर में घर-घर भ्रमण कर दवा सेवन, 11 मार्च से 13 मार्च तक मॉप अप राउंड छूटे हुए लोगों को दवा सेवन एवं 27 फरवरी से 13 मार्च तक एमडीए कॉर्नर जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्र, व अन्य निजी चिकित्सालय में ओपीडी के पास बूथ लगाकर दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## एक नजर

### कलेक्टर ने रिटर्निंग ऑफिसर की किया नोटिस जारी

**बलौदाबाजार, 12 फ़रवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला



निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर रहने के कारण रिटर्निंग ऑफिसर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। रिटर्निंग ऑफिसर को नोटिस प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर जवाब देना होगा। जारी आदेश के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं नगर पालिका परिषद सिमगा के रिटर्निंग ऑफिसर अंशुल वर्मा 5 फरवरी का बिना किसी पूर्व सूचना के मुख्यालय से अनुपस्थित रहे। लोकेशन ट्रेस करवाये जाने पर उनकी लोकेशन रायपुर पाई गई। इससे यह प्रतीत होता है कि निर्वाचन जैसे संवेदनशील कार्यो का गंभीरतापूर्वक निर्वहन नहीं किया जा रहा है। पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती जा रही है। यह कृत्य छतीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उप नियम (1) के खण्ड (एक ) (दो) के विपरीत है। अतः क्यों न अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किया जाए, इस सम्बन्ध में जवाब सूचना प्राप्ति के 3 दिवस के भीतर मांगा गया है।

### बांड ओवर की अवहेलना करने पर राशि जब्त

**बलौदाबाजार, 12 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बांड ओवर की अवहेलना करने वाले पर बांड ओवर की राशि 10 हजार में से एक हजार जब्त कर चालान के माध्यम से शासन के पास जमा कराया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी गिरौद के प्रतिवेदन के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी गिरौद द्वारा तहसील टुंडरा अंतर्गत ग्राम अर्जुनी निवासी आकाश ठाकुर पिता यशवंत ठाकुर के विरुद्ध 27 जनवरी को 10 हजार रुपये का बांड ओवर किया गया। आकाश ठाकुर के द्वारा 27 जनवरी को ही संध्या में अपने गांव पहुंचकर परिशान्ति भंग करते हुए गांव के ही निवासी हरदयाल सिंह ठाकुर को गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर डंडा से मारपीट कर चोट पहुँचाया गया। न्यायालय दंडाधिकारी गिरौद के बांड ओवर की अवहेलना करने के कारण 12 फरवरी को बांड ओवर की राशि 10 हजार में से एक हजार जब्त कर चालान के माध्यम से शासन के पास जमा कराया गया।

### निधन

#### राजकुमारी यादव

**भाटापारा, 13 फरवरी।** शक्ति वार्ड निवासी



राजकुमारी यादव का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे नगर के पत्रकार राजेश यादव की माता जी थी। उनका अंतिम संस्कार हिन्दू मुक्तिधाम मे किया गया जिसमे बडी संख्या मे गणमान्य जन शामिल रहे।

### राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम किया गया सील

# कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रहेगी ईवीएम, 15 को होगी मतगणना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 फरवरी।** जिले के 8 नगरीय निकायों में 11 फरवरी 2025 को मतदान सम्पन्न होने के बाद सभी मतदान दलों की देर रात तक सकुशल वापसी हुई। मतदान दलों द्वारा ईव्हीएम सहित मतदान सामग्री जमा करने के उपरांत रात्रि में ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में रखा गया और स्ट्रांग रूम को सील किया गया। सशस्त्र बल की कड़ी सुरक्षा में ईव्हीएम मतगणना तक स्ट्रांग रूम में रहेगा। मतगणना 15 फ़रवरी 2025 को प्रातः 8 बजे से निर्धारित मतगणना स्थल में होगी।

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार एवं नगर पंचायत लवन के लिए ईव्हीएम स्ट्रांग रूम पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में बनाया गया है। इसीतरह नगर पालिका परिषद भाटापारा के लिए गजानंद अग्रवाल स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा, नगर पालिका परिषद सिमगा के लिए पीएम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सिमगा, नगर पंचायत पलारी एवं नगर पंचायत रोहांसी के लिए स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पलारी, नगर पंचायत कसडोल एवं नगर पंचायत टुंडरा के लिए स्व. दौलत राम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल में ईव्हीएम स्ट्रांग रूम बनाया गया है। मतगणना स्ट्रांग रूम के आस- पास निर्धारित कक्षों में होगी।

### नगरीय निकायों में बनाए गए स्ट्रांग रूम में की गई है कड़ी सुरक्षा



**बालोद, 13 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के सभी 08 नगरीय निकायों में 11 फरवरी को शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। जिसके पश्चात् मतदान दलों की सामग्री जमा केंद्र में सफलतापूर्वक वापसी हुई। जिले के सभी नगरीय निकायों में मतदान सामग्रियों यथा ईवीएम मशीन एवं बैलेट यूनिट को सुरक्षित रखने स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहाँ कल मतदान पश्चात् सामग्रियों को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सीसीटीवी की निगरानी में सुरक्षित रखा गया है। सभी स्ट्रांग रूम को मुहरबंद कर कड़ी सुरक्षा में रखा गया है।

## कलेक्टर ने जनपद पंचायत के लिए बनाए जा रहे स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**कोरबा 13 फरवरी।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत होने वाले चुनाव कार्य को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले में 17 फरवरी 2025 को होने वाले प्रथम चरण के मतदान अंतर्गत जनपद पंचायत कोरबा हेतु विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश नाग, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री सरोज महिलांगे, तहसीलदार, रिटर्निंग ऑफिसर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में चुनावी सामग्री वितरण व वापसी हेतु चिन्हांकित स्थल का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य मे किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए, सभी अधिकारी इस पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को समय रहते आवश्यक सभी तैयारियां सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया एवं नियुक्त दलों को चुनाव कार्य का पूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए। सीईओ श्री नाग ने कलेक्टर को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद पंचायत कोरबा अन्तर्गत मतदान केंद्रों की कुल संख्या 224, कुल सेक्टर की संख्या 21, रूट की संख्या 39, मतदान दलों के परिवहन हेतु बस की संख्या 46 एवं सामग्री वितरण हेतु 16 काउंटर बनाए जाएंगे।

## जिले के 8 नगरीय निकायों में 71.43 प्रतिशत मतदान

### नगर पंचायत पलारी में सर्वाधिक 86.48 प्रतिशत

**बलौदाबाजार, 13 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के 8 नगरीय निकायों के 181 मतदान केंद्र में मंगलवार 11 फ़रवरी 2025 को अध्यक्ष व पार्षद पद के निर्वाचन के लिए ईव्हीएम से हुए मतदान क़ा प्रतिशत 71.43 प्रतिशत रहा। नगर पंचायत पलारी में सर्वाधिक 86.48 प्रतिशत मतदान हुआ वहीं नगर पालिका परिषद भाटापारा क़ा मतदान प्रतिशत न्यूनतम रहा। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में 68.42 प्रतिशत मतदान, नगर पालिका परिषद भाटापारा में 66.08 प्रतिशत, नगर पालिका परिषद सिमगा में 81.73 प्रतिशत, नगर पंचायत पलारी में 86.48 प्रतिशत, नगर पंचायत रोहांसी में 74.50 प्रतिशत, नगर पंचायत लवन में 80.44 प्रतिशत, नगर पंचायत कसडोल में 68.99 प्रतिशत एवं नगर पंचायत टुंडरा में 78.42 प्रतिशत मतदान हुआ।

### सामान्य प्रेक्षक ने की मतदान की समीक्षा

# बलौदाबाजार नपा के 3 केंद्रों में औसत से कम मतदान

■ महिला मतदान दलों के बेहतरीन कार्य एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न होने पर की जिला प्रशासन की सराहना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 13 फरवरी।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के लिए नियुक्त प्रेक्षक आईएएस जनक प्रसाद पाठक ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के नगरीय निकायों में संपन्न मतदान की समीक्षा की। उन्होंने नगरीय निकाय में महिला मतदान दलों द्वारा बखूबी से कार्य संपादित करने तथा शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान सम्पन्न होने पर जिला प्रशासन को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों से औसत से कम एवं अधिक मतदान होने वाले मतदान केंद्रों तथा किसी प्रकार की गंभीर शिकायत के सम्बन्ध में जानकारी ली।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने बताया कि नगर पालिक़ा परिषद बलौदाबाजार के 3 मतदान केंद्रों में औसत से 15 प्रतिशत कम मतदान हुआ है वहीं नगर पंचायत टुंडरा के एक मतदान केंद्र में औसत से अधिक मतदान हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के किसी भी मतदान केंद्र से मतदान सम्बंधित कोई गंभीर शिकायत प्राप्त नहीं हुआ है। जिले में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ।

एनआईसी क़क्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल शेट्टे, डिप्टी कलेक्टर रंजना आहूजा एवं दीपक निकुंज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

(संपत्तिकर विभाग)

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2025/935/325 | भिलाई, दिनांक 7/2/2025

//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना //

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकार्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मे प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगाः-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अरूण कुमार श्रीवास्तव, पिता स्व. एस. के. श्रीवास्तव, निवासी- मकान नं.-14, वैशाली नगर, हुजुर भोपाल (म.प्र.) | 1 श्रीमती कामिनी साहू, पति श्री तुलाराम साहू, निवासी 398, जागृति चौक, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.), 2. तुलाराम साहू, पिता श्री बलदेव राम साहू, निवासी- 398, जागृति चौक, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व, आवासीय योजना अंदर भाग भिलाई, (वार्ड नं. -03, कोसा नगर वार्ड के अंतर्गत) भिलाई, ब्लाक क्रं.-30, भूखण्ड क्रं.-02, क्षेत्रफल 180 वर्गमीटर, आवासीय रिक्त भूमि। |
| 2 | स्व. सरजीत कौर ध.प. त्रिलोकसिंह से जगतार सिंह आ. त्रिलोकसिंह सिख, जगीरा सिंह आ. निरवैल सिंह, मलकीतसिंह आ. जगीरासिंह निवासी माडल टाउन, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) से 1 जगतार सिंह उर्फ जय सिंह, निवासी क्वा.नं. 964, नेहरू नगर मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.), 2. पद्मा कौर ध.प. स्व.जगीरा सिंह, 3. मलकीत सिंह, पिता स्व. जगीरा सिंह, दोनों निवासी क्वा नं.- 961 मॉडल टाउन नेहरू नगर भिलाई तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती अनिता धुवंशी, ध.प. गणेश कुमार धुवंशी, निवासी- 15/5, सड़क 13, सेक्टर-01, भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | वारिसान/ वारिसान/ बिक्रीनामा | जुनवानी, स्मृति नगर वार्ड नं.-02. वर्तमान वार्ड 03 के अंतर्गत मॉडल टाउन अंदर भाग भिलाई, खसरा नं. -922, रकबा 1237.6 वर्गफुट. आवासीय भवन निर्मित। |
| 3 | अब्दुल रऊफखान, पिता श्री अहमद खान, निवासी प्लाट नं.-29, वार्ड नं.-08, अयप्पा नगर, सुपेला भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) के तरफसे आम मुख्तयार- मुबीन खान, पिता श्री लतीफखान, निवासी- म.नं.-14, वार्ड नं.-07, आपका सुपर बाजार के पास, चन्द्र नगर, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | सईद खान, पिता श्री लतीफखान, निवासी-प्लॉट नं.-7, आपका सुपर बाजार के पास, चन्द्र नगर, सुपेला, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, वार्ड नं.-07. फरीद नगर कोहका वार्ड, (अयप्पा नगर अंदर भाग) भिलाई, खसरा नं.-2254, रकबा -2400 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 4 | 1 स्व. वीरेन्द्र कुमार पाठक, आ. श्री विंध्येश्वरी प्रसाद पाठक, 2. आशुतोष पाठक, आ. स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार पाठक, 3. श्रीमती कामना पाठक, ध.प. श्री आशुतोष पाठक, निवासी शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय, पुराना बीमा आफिस, दल्लीराजहरा जिला-बालोद (छ.ग.) | 1 आशुतोष पाठक, आ. स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार पाठक, 2. श्रीमती कामना पाठक, ध.प. श्री आशुतोष पाठक, निवासी शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय, पुराना बीमा आफिस दल्लीराजहरा, जिला-बालोद (छ.ग.) | वारिसान | कोहका, फरीद नगर वार्ड, आनंद पुरम नगर अंदर भाग, वार्ड नं.-08, भिलाई. खसरा नं.- 2047/61 प्लाट नं.- 23 का टुकड़ा, रकबा 1000 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 5 | 'चौहान हाउसिंग' (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, प्रोपराईटर श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत (दीपेश्वर)चौहान, निवासी राजीव नगर, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1 श्री अशोक नथ्थू जी मेश्राम, आ. स्व. नथ्थू जी मेश्राम, 2. श्रीमती ज्योत्सना मेश्राम, ध.प. श्री अशोक नथ्थू जी मेश्राम, निवासी- बी-8. सी.एच.पी.एल. ड्रीम होम्स, स्मृति नगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं. 01, 'चौहान हाउसिंग' (चौहान ग्रीन वैली), खम्हरिया जुनवानी भिलाई, फ्लैट नं.- 08 द्वितीय तल, ब्लॉक नं. बी 11, क्षेत्रफल - 840 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 6 | श्री रोशन जैन, पिता श्री ओम प्रकाश जैन, निवासी 730, वार्ड नं.-38, कचहरी वार्ड महावीर नगर, दुर्ग, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | 1 श्रीमती पावनी गुप्ता, पति स्व. अशोक कुमार गुप्ता, निवास 613, कुरूद रोड कोहका, वार्ड नं.-07, पुरानी बस्ती कोहका, सुपेला भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) 2. श्रीमती श्वेता गुप्ता, पति श्री राकेश कुमार गुप्ता, निवासी 613, कुरूद रोडकोहका, वार्ड नं.-07. पुरानी बस्ती कोहका, सुपेला भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व आवासीय योजना के अंतर्गत, भिलाई, ब्लॉक क्रमांक-96, भूखण्ड क्रमांक -03, क्षेत्रफल-360 वर्गमीटर, भवन निर्मित। |
| 7 | 'चौहान हाउसिंग' (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, प्रोपराईटर- श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत (दीपेश्वर) चौहान, निवासी- राजीव नगर, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्री देबीलाल बघेल, आ. स्व.श्री रामलाल बघेल, निवासी फ्लैट नं. 01 प्रथम तल, ब्लॉक नं. बी 12, वार्ड नं. 01. 'चौहान हाउसिंग' (चौहान ग्रीन वैली), खम्हरिया जुनवानी भिलाई दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं.- 01, चौहान हाउसिंग' (चौहान ग्रीन वैली), खम्हरिया जुनवानी भिलाई, फ्लैट नं.- 01 प्रथम तल ब्लॉक नं. बी 12, क्षेत्रफल 840 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |

उपायुक्त (संपत्तिकर)

# मंत्री-विधायकों के रिश्तेदार पंचायत चुनाव के मैदान में उतरे

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 13 फरवरी।** ग्रामीण सरकार के गठन के चुनाव में दिलचस्प मुकाबला विभिन्न जिलों में हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायकों तथा मंत्रियों के रिश्तेदारों के चुनावी मैदान में कूदने से चुनाव संघर्षपूर्ण हो गया है।

ग्रामीण सरकार बनाने के लिए अलग-अलग जिलों में 17, 20 व 23 फरवरी को मतदान होगा। महासमुंद जिले में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला जनपद सदस्य का निर्वाचन 17 फरवरी को होगा। प्रत्याशियों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास, सड़क निर्माण, जल जीवन मिशन योजना में भ्रष्टाचार प्रमुख मुद्दा है। महासमुंद जिले में पूर्व विधायक एवं वर्तमान विधायकों के रिश्तेदार चुनाव लड़ रहे हैं। रायपुर जिले में भी दिलचस्प मुकाबला हो रहा है। यहां पर कुल 16 जिला जनपद सदस्य के लिए चुनाव हो रहा है।

**विधायक के भाई के चुनाव लड़ने से कड़ा संघर्ष**-रायपुर जिले के क्रमांक 16 में पिछले 25 वर्ष से जनपद अध्यक्ष पद पर काबिज बेदराम मनहरे का मुकाबला विधायक खुशवंत गुरु के भाई सौरभ गुरु से हो रहा है। इसमें काफी पैसा खर्च किया जा रहा है। चुनाव प्रतिष्ठापूर्ण होने के कारण विधायक ने पूरी ताकत लगा दी है। पूरे जिले में यह चुनाव चर्चा का विषय बना हुआ है। जनपद सदस्य क्रमांक 5 खरोरा से पूर्व सभापति राजू शर्मा का मुकाबला कांग्रेस के महामंत्री सुरेन्द्र वर्मा से हो रहा है। धरसींवा तथा अभनपुर में भी चुनाव काफी प्रतिष्ठापूर्ण हो रहे हैं।

**दलीय आधार पर लड़े जा रहे चुनाव**-पंचायत चुनाव गैरदलीय आधार पर लड़े जाते हैं लेकिन इस वर्ष भाजपा और कांग्रेस द्वारा प्रत्याशियों को अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन देने के कारण चुनाव काफी संघर्षपूर्ण हो गया है। दुर्ग में पाटन, दुर्ग शहर-ग्रामीण में दिलचस्प मुकाबला हो रहा है। राजनांदगांव में शहरी सरकार का चुनाव होने के बाद भाजपा समर्थक ग्रामीण सरकार गठित करने के लिए सक्रिय हो गए हैं।

मानपुर-मोहला तथा डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ में भी पंचायत चुनाव को लेकर दिलचस्प मुकाबला हो रहा है। अंबिकापुर, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले में पूर्व जनपद अध्यक्ष रामविचार नेताम की पत्नी मैदान से हट गई हैं। पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा चुनाव मैदान में उतर गए हैं। सूरजपुर एवं बलरामपुर में रामविचार नेताम के समर्थकों के बीच कड़ा मुकाबला है।

### जशपुर में मुख्यमंत्री के साले के मैदान में उतरने से चुनाव हुआ दिलचस्प

पत्थलगांव से जिला जनपद सदस्य के लिए सालिक साय चुनाव मैदान में हैं। मुख्यमंत्री के समर्थक उन्हें जिताने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र से पूर्व वरिष्ठ विधायक रामपुकार सिंह की पुत्री आरती सिंह किलकिला जनपद क्षेत्र से चुनाव लड़ रही है। इससे पूर्व वे पत्थलगांव जनपद की अध्यक्ष रह चुकीं हैं। पूर्व सांसद स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव के नाती शौर्यप्रताप सिंह चुनाव मैदान में उतरे हैं। वे दुलदुला से चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व मंत्री गणेशराम भगत उन्हें जिताने के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। ग्रामीण सरकार गठित करने के लिए 1 करोड़ 58 लाख मतदाता 17, 20 व 23 फरवरी को मतदान करेंगे। पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला जनपद सदस्य के लिए अलग-अलग चुनाव तिथियां रखी गई है। इसके लिए चुनाव चिन्ह पतंग, सिलाई मशीन, झोपड़ी आदि प्रमुख है।

## पंचायत चुनाव के लिए मतपत्रों की छपाई जारी

■ **तीन जिलों के पंचायत सीईओ को किया गया तैनात**

राज्य सरकार के पंचायत विभाग द्वारा पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला सदस्य के लिए होने वाले चुनाव के लिए मतपत्रों की छपाई का कार्य द्रुत गति से चल रहा है। रायपुर जिले के रायपुर, महासमुंद, गरियाबंद तथा धमतरी जिले में मतदान कराने के लिए मतपत्रों की छपाई इस समय चौबे कालोनी स्थित मुद्रणालय में हो रही है। संबंधित जिले के सीईओ तथा पंचायत कर्मियों की ड्यूटी लगाई है। अलग-अलग पदों के लिए विभिन्न रंग के कागजों में मतपत्र की छपाई का काम चल रहा है। चूंकि पहला चुनाव 17 फरवरी को होना है इसलिए मतपत्र की छपाई के पश्चात इन्हें मतदान स्थलों की ओर भेजा जा रहा है। ग्रामीण सरकार गठित करने के लिए मतदाताओं को मतपत्र का उपयोग करना है। एक मतदाता चार बार मतदान करेगा इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों के चुनाव कर्मियों को बार-बार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला पंचायत रायपुर के सीईओ भी यहां पर तैनात हैं। सरायपाली तथा गरियाबंद जिले के सीईओ प्रूफ रीडिंग तथा मतदान क्रमांक के अनुसार मतपत्रों की छंटाई का काम कर रहे हैं। इस समय जिला सहकारी संघ में आकर्षक पंडाल लगाया गया है।

**15 को मतगणना के लिए तैयारी शुरू**-राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार रायपुर नगर निगम के महापौर तथा पार्षद पद के लिए चुनाव के पश्चात 15 फरवरी को मतों की गणना का काम इंजीनियरिंग कालेज सेजबहार में होगा। आयोग के अनुसार प्रत्येक वार्ड में मतगणना के लिए कितने टेबल तथा किन लोगों की ड्यूटी लगाई जाएगी इसका विस्तार से विवरण उप जिला निर्वाचन अधिकारियों को दे दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त अजय सिंह मतगणना के पूर्व मतगणना स्थल का दौरा करेंगे। यहां पर सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं व पुलिस बल तैनात किए जा रहे हैं।

## एक नजर

### यादव महासम्मेलन 16 फरवरी को

**रायपुर, 13 फरवरी।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्र. 5066 रायपुर से सबद्ध महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला



प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन, आदर्श सामुहिक विवाह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सामाजिक विभूतियों का सम्मान मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निशुल्क 11 जोड़ो का आदर्श विवाह प्रधान कार्यालय महादेव घाट रायपुरा में 16 फरवरी 2025 दिन रविवार, सुबह 11 बजे से दो पाली में यादव सामाजिक भवन महादेवघाट रायपुरा रायपुर में रखा गया है। पत्रकार वार्ता में समाज के प्रदेश सचिव एवं शहर जिला अध्यक्ष सुन्दर लाल यादव छत्तीसढ़ झेरिया यादव समाज ने बताया कि 16 फरवरी 2025 को होने वाले कार्यक्रम में झेरिया यादव समाज की एकता को सशक्त शक्तिशाली बनाने विचार किया जाएगा।

### वार्षिक उत्सव में विभिन्न प्रांतों के गीतों पर झूम उठे विद्यार्थी

**रायपुर, 13 फरवरी।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र पब्लिक स्कूल के 8 वें वार्षिक उत्सव में मलयालम, मराठी और



विभिन्न प्रांतो के गीतों पर बच्चों के जबरदस्त परफॉर्मेंस पर दर्शक के रूप में उपस्थित पालक गण भी झूम उठे। विप्र पब्लिक स्कूल के 8 वें वार्षिक उत्सव रैनबो का उद्घाटन विप्र समाज के वरिष्ठ सदस्य अशोक दीवान एवं विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संबोधित करते हुए डॉ .मेघेश तिवारी ने बताया कि विप्र पब्लिक स्कूल का सर्व सुविधायुक्त और विशाल नवीन भवन बनकर तैयार है। अगले सत्र से विद्यार्थियों को वहां अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। वार्षिक उत्सव के पूर्व अपने कक्षा में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों का सम्मान प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। साथ ही सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया ।इसके बाद वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों के विभिन्न कार्यक्रमों ने लगभग 3 घंटे तक समां बांधे रखा। सर्वप्रथम मिडिल क्लास के बच्चों ने गणेश वंदना प्रस्तुत किया।

### तेज रफ्तार गाड़ी ने कई लोगों को रौंदा

**रायपुर, 13 फरवरी।** रायपुर में फिर एक बार सड़क हादसा हुआ हैं. एक तेज रफ़्तार पिकअप गाड़ी ने कई लोगों को रौंद दिया हैं. इसमें अनेक लोग घायल हुए हैं. इसके पहले भी रोड पर एक हादसा हाल ही में हुआ हैं. जिसमे एक मौत हो गई थी. प्राप्त जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी इलाके में एक तेज रफ्तार पिकअप ने पहले कई लोगों को रौंदा उसके बाद बिजली खंभे में जा टकराई. घटना का फुटेज सामने आया है. जानकारी के मुताबिक कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनका इलाज जारी है. पुलिस ने बताया कि पिकअप चालक का नियंत्रण वाहन में खोने के चलते हादसा हुआ है, ड्राइवर के खिलाफ की गई है. घायलों का ईलाज मेकाहारा में जारी है.

### ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 47 लाख की ठगी

**रायपुर, 13 फरवरी।** ऑनलाइन शेयर मार्केट में पैसा लगाकर ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 47 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जगदीश मेहता 61 वर्ष कुबेर अपार्टमेंट शंकरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर 76268-12171, 78980-35360 से वॉट्सअप मैसेज आया और ऑनलाइन शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर ज्यादा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर एप डाउनलोड करवा कर 47 लाख रुपए अपने खाता में जमा करवा लिया।

### फर्जी दस्तावेज से 52 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, 13 फरवरी।** फर्जी दस्तावेज के माध्यम से 59 लाख 52 हजार 900 रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रवीण चंद पारख 40 वर्ष कुंदन पैलेस बैरनबाजार का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी मोहम्मद अलताफ ने आरंग स्थित दूसरे की जमीन का फर्जी इकरारनामा तैयार कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर बिक्री करने का सौदा कर कुल 59 लाख 52 हजार 900 रुपए ऐंठ लिया।

## हार की फजीहत से बचने कांग्रेस लगा रही आरोप: अनुराग

**रायपुर, 13 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस का बयान साफ बताता है कि नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस हार मान चुकी है और अपनी हार की फजीहत से बचने के लिए आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपनी बहानों को सूचीबद्ध कर लेना चाहिए।

भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि ईवीएम कांग्रेस की हार का कारण है या मतदाता सूची कांग्रेस की हार का कारण है या सरकारी एजेंसिया कांग्रेस की हार का कारण है। अगर कांग्रेसी अपराध करेंगे तो सरकारी एजेंसी उन्हें गिरफ्तार करेगी। अगर कांग्रेस में दम है तो ईवीएम पर आरोप लगाने से पहले वह किसी आईटी एक्सपर्ट से ईवीएम को गलत साबित कर ले। कांग्रेसी अच्छे से जानते हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम को 20 से ज्यादा बार सही सिद्ध किया है और रही बात चुनाव आयोग पर आरोप लगाने की तो न्यायालय का दरवाजा सबके लिए खुला है, अगर कांग्रेसियों को लगता है कि उनकी बातों में सच्चाई है तो वे न्यायालय जाय। वास्तव में जब से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है विष्णु देव साय जी की सरकार में सांय सांय काम हो रहे हैं। महतारी वंदन से नारियों को मजबूत किया जा रहा है। किसानों को धान का बोनस देकर मजबूत किया जा रहा है। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास दिया जा रहा है। जनता का साथ और विश्वास भाजपा के साथ है और कांग्रेस जानती है कि इस चुनाव में विजय प्राप्त नहीं कर सकती इसलिए आज से ही हार का बहाना तलाशना शुरू कर दिया है।

## चेंबर ने केन्द्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर, 13 फरवरी।** केन्द्रीय बजट 2025-26 बुद्धिजीवी सम्मलेन में चेंबर प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ । सम्मलेन में मुख्य वक्ता माननीय श्री प्रह्लाद जोशी जी,केन्द्रीय मंत्री (केन्द्रीय उपभोक्त मामले, खाद्य एवं सार्वजानिक वितरण तथा नवीन एवं नवीनीकरण उर्जा ) को चेंबर प्रतिनिधी मंडल द्वारा बजट 2025 में लाए गए प्रावधानों से संबंधित सुझाव के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा। सम्मलेन में चेंबर ने ऐतिहासिक केन्द्रीय बजट का स्वागत करते हुए बताया कि केंद्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत 2047 के लक्ष्य पर केंद्रित होने का साथ - साथ




विकासोन्मुख है। प्रस्तुत दूरदर्शी बजट 2025-26 के लिए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों के ओर से आभार व्यक्त करते हैं, जिसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) क्षेत्र पर जोर दिया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए विकास का दूसरा इंजन। यह समग्र विकास, आर्थिक विकास और सशक्तीकरण पर सराहनीय फोकस के साथ विकसित भारत की दिशा में एक व्यापक रोडमैप को दर्शाता है।

व्यापार एवं उद्योग के साथ गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी एवं वरिष्ठ नागरिकों पर आधारित यह एक संतुलित बजट है। प्रस्तुत बजट ÷विजन 2047 समृद्ध भारत÷ की ओर ले जाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दादाबाड़ी में हुई दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा

**रायपुर, 13 फरवरी।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी की प्रेरणा व आशीर्वाद से श्री गुरु देव दयाल को मन मे ध्यान लगाएं अष्ठ सिद्धि नव निद्धि मीले मनवांछित फल पाए के गुणानुवाद की चौपाइयों के साथ गुरु एक्तिशा के संगीतमय पाठ के साथ चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरी जैन दादाबाड़ी भैरव सोसाइटी में माघ पूर्णिमा की बड़ी पूजा का आगाज किया गया , बड़ी पूजा का प्रारम्भ नारियल अक्षत नैवैद्य के समर्पण मंत्र के साथ भक्तों ने प्रारम्भ कि , उपरोक्त जानकारी श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के महासचिव महेन्द्र कोचर व ट्रस्टी डॉ योगेश बंगानी ने देते हुए बताया कि सर्वप्रथम ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद ने पूनम की पूजा



में चारों दादा गुरुदेव के चमत्कारिक जन हितैषी उपकारों का वर्णन करते हुए प्रथम पूजा के जलाभिषेक विधान की पूजा गुरु पर तीख सुरतरु रूप सुगुरु सम दूजो तो नही दूजो तो नही के भाव पूर्ण बोलो से लाभार्थी परिवारों ने अभिषेक किया उसी तारतम्य में क्रमशः जल चंदन पुष्प धूप दीप अक्षत नैवेद्य व फल के समर्पण के 8 विधान सस्वर मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई फल पूजा का विधान फल पूजा से फल मिले प्रगटे नवे निधान के बोलो के साथ संपन्न हुई , नवा विधान वस्त्र पूजा का साध्वी श्री के मुखारविन्द से लक्ष्मी लीला पावे रे सुंदर जे गुरु वस्त्र चढ़ावे जे गुरु वस्त्र चढ़ावे के संगीतमय बोलो से प्रारम्भ हुआ वही सुप्रसिद्ध भजन गायक वर्धमान चोपड़ा ने, कैसे कैसे अवसर में गुरु राखी लाज हमारी मोको सबल भरोसो तेरो चंद्र सूरी पट्टधारी के समर्पण बोलो से गुरु से अरदास की कु दीप्ती बैद ने गुरु तेरे चरणों की धूल जो मिल जावे सच कहता हूं मेरी तगदीर बदल जाये दादा तेरे चरणों की के बोलो से सभी भक्तों के लिए गुरु का आशीर्वाद मांगा वही निर्मल पारख ने ,चांद से सुंदर मुखड़ा तेरा नयन के अमृत के प्याले वो तो कोई और नही है वो तो दादा मालपुरा वाले के बोलो से गुरु महिमा की बलिहारी ली दसवीं पूजा में चांदी की ध्वजा को महिलाओं ने सिर पर रखकर धूप दीप चवर के साथ दादा गुरु की छतरी की 3 फेरी देकर इन बोलो ध्वज पूजन कर हरख भरी- हरख भरी रे देवा हरख भरी रे के चौपाई के साथ शिखर पर ध्वजारोहण किया।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली से मिला चेंबर प्रतिनिधिमंडल



■ **उद्देश्य, नियमावली एवं चुनाव मार्गदर्शिका के अनुसार दुर्ग, महासमुंद, दंतेवाड़ा एवं जांजगीर-चांपा जिलों में भी मतदान केंद्र बनाने ज्ञापन सौंपा**

**रायपुर, 13 फरवरी।** कल चेंबर प्रतिनिधिमंडल द्वारा चेंबर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री शिवराज भंसाली जी को नवीन मतदान केंद्र बनाने हेतु ज्ञापन सोपा गया। प्रतिनिधि मंडल ने यह बताया कि चेंबर चुनाव को सुगम बनाने को दृष्टिगत रखते हुए रायपुर जिला, भिलाई जिला, दुर्ग जिला, राजनांदगांव जिला, बिलासपुर जिला, रायगढ़ जिला, सरगुजा जिला, महेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला, महासमुंद जिला, धमतरी जिला एवं दंतेवाड़ा जिला में मतदान करवाने का निर्णय लिया गया था। तत्संबंधी चुनावी मार्गनिर्देशिका सहायक चुनाव अधिकारी श्री प्रकाश गोलछा जी को दे दी गई थी।

वर्तमान में चेंबर चुनाव समिति द्वारा उपरोक्त जिलों के विभिन्न शहरों में निर्वाचन समिति ने मतदान करने का निर्णय लिया गया परंतु उसमें महासमुंद जिला, दुर्ग जिला और दंतेवाड़ा जिला का उल्लेख नहीं है तथा उक्त स्थानों के अतिरिक्त श्री भंसाली जी से मौखिक रूप से जांजगीर/ चाम्पा में भी उद्देश्य नियमावली एवं चुनाव मार्गदर्शिका के अनुसार मतदान केंद्र बनाए जाने का अनुरोध किया गया था।

## निकाय चुनाव में कम मतदान पर गरमाई सियासत

**रायपुर, 13 फरवरी।** नगरीय निकाय चुनाव में मतदान के आंकड़े आ चुके हैं. निकायों में मतदान के प्रतिशत में काफी कमी नजर आई है. मतदान में कमी को लेकर सियासत शुरू हो चुकी है. उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जहां बड़े पैमाने पर मतदान होने की बात कही है, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने परिसीमन को मतदान की कमी का कारण बताया है. मीडिया से चर्चा के दौरान आज भूपेश बघेल ने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण हुआ है, लेकिन मतदाताओं को बड़ी तकलीफ हुई. उनके वार्ड का परिसीमन इस प्रकार से किया गया कि एक ही परिवार के लोगों को अलग-अलग बूथ में जाकर मतदान करना पड़ा है. उन्होंने कहा कि परिसीमन का कांग्रेस पार्टी ने विरोध किया था और कोर्ट में याचिकाएं भी लगाई गई थीं, लेकिन याचिकाओं का निराकरण नहीं हुआ, जिसका पूरा असर अब मतदान में नजर आ रहा है. उन्होंने ये भी कहा कि कई जगह ईवीएम खराब हुए, लोगों को इंतजार करना पड़ा. ईवीएम खराबी के चलते भी मतदान कम होने की बात उन्होंने कही है. वहीं भूपेश बघेल के आरोप पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि परिसीमन में कहीं कोई गड़बड़ी नहीं है. केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी की प्रेस वार्ता पर उन्होंने पलटवार भी किया. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जब बजट में किसी वर्ग के लिए कुछ है ही नहीं, तो किस बात का फीडबैक लेने जोशी जी छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं. उन्होंने कहा कि समय के साथ बजट की असलियत लोग जान गए और निराशा छा गई है. उन्होंने छत्तीसगढ़ में 13 लाख मनरेगा मजदूर के नाम जाने की बात कही और किसानों के एमएसपी की मांग पूरी नहीं करने की बात कही. उन्होंने बजट को उद्योगपति केंद्रित बताया, जो जनता के हिसाब से नहीं आ रहा है. उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था अब निर्मला सीतारमण के हाथ में नहीं रही और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम से देश की आर्थव्यवस्था संचालित हो रही है. उन्होंने अमेरिका में स्टील पर टैक्स बढ़ने से सेंसेक्स में गिरावट आने और उससे लोगों को करोड़ों नुकसान होने की बात कही।

### अलग-अलग क्षेत्र से दोपहिया व तीनपहिया वाहन पार

**रायपुर, 13 फरवरी।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने बाइक व ऑटो रिक्शा पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रिषभ साहू 22 वर्ष चौपाटी के पास शंकर नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 24 एल 3360 को पार्थवी प्रोविंस के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी किए गए बाइक की कीमत 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

## प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

■ **आरोपियों के कब्जे से कुल 240 नग प्रतिबंधित नशीली सिरप बरामद की गई**

**रायपुर, 13 फरवरी।** रायपुर पुलिस ने गंज थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे रोड पर प्रतिबंधित नशीली सिरप की तस्करी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 240 नग प्रतिबंधित नशीली सिरप बरामद की गई, जिसका मूल्य लगभग 1 लाख रुपये बताया गया है।

एण्टी क्राईम एंड साइबर यूनिट की टीम को सूचना मिली थी कि गंज थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास दो व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। इस पर कार्रवाई करते हुए, टीम ने आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान शहनवाज खान 19 वर्ष निवासी मौदहा (उ.प्र.), स्वलिन वैष्णव 24 वर्ष निवासी रायपुर और सलाउद्दीन 22 वर्ष निवासी रायपुर के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि नशीली सिरप को वे पंडरी निवासी सलाउद्दीन से मंगवाकर बेचने के लिए ले आए थे। आरोपियों के खिलाफ थाना गंज में धारा 21, 22 नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

■ धान की खरीदी 31 जनवरी से बंद हो चुकी है

## समर्थन मूल्य की राशि खाते में आई नहीं, किसान बैंकों का चक्कर लगा रहे

**रायपुर, 13 फरवरी।** सोसायटियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी बीते 31 जनवरी से बंद हो चुका है पर किसानों के खाते में केंद्र सरकार द्वारा दिये जाने वाला यह राशि अभी तक पहुंचा नहीं है खासकर बीते 21 जनवरी से 31 जनवरी तक धान बेचने वाले किसानों का । इधर प्रदेश सरकार ने घोषित बोनस की राशि किसानों को देने रिलीज कर दिया है पर यह राशि भी ऐसे किसानों को समर्थन मूल्य की राशि का भुगतान न हो पाने की वजह से खाते में नहीं आ रहा है । इसे लेकर किसानों में हड़कंप है और वे संबंधित बैंकों के चक्कर काट रहे हैं पर उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल पा रहा है । किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , मुख्य सचिव अमिताभ जैन व मुख्यमंत्री



कार्यालय में पदस्थ प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह को बीते कल बुधवार को ज्ञापन भेज ध्यानाकृष्ट कराया है। ज्ञातव्य हो कि शासन द्वारा इस वर्ष बीते 14 नवंबर से 31 जनवरी तक सोसायटियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से धान खरीदी की घोषणा की थी । केन्द्र सरकार ने पतला धान का समर्थन मूल्य 2320 रूपये व मोटा धान का समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया था व प्रदेश सरकार द्वारा किये गये चुनावी वादे के अनुरूप किसानों को प्रति क्विंटल 3100 रुपये किसानों को देना था । प्रदेश सरकार ने समर्थन मूल्य व वादे के अंतर की राशि को जो करीबन 800 रुपये होता है को धान खरीदी बंद होने के बाद किसानों के खाते में डालने की घोषणा की थी । मेल से प्रेषित ज्ञापन में श्री शर्मा ने जानकारी दी है कि बीते 20 जनवरी तक तो कतिपय अपवादों को छोड़ समर्थन मूल्य की राशि किसानों के खाते में नियमित रूप से आ रहा था पर बीते 21 जनवरी से 31 जनवरी तक धान बेचने वाले किसानों के खाते में समर्थन मूल्य की राशि आज तक नहीं आ पाया है और यह स्थिति कमोबेश पूरे प्रदेश में है जबकि यह राशि धान खरीदी करने के 24 घंटे के भीतर किसानों के खाते में डालने का सरकारी आश्वासन था । श्री शर्मा ने अंतर की राशि बोनस के रूप में किसानों को भुगतान के लिये जारी कर दिये जाने पर ऐसे किसानों के खाते में समर्थन मूल्य की राशि भुगतान हुये बिना नहीं आ पाने की जानकारी देते हुये बतलाया है कि अपवादस्वरूप कुछ किसान समर्थन मूल्य की राशि आये बिना भी बोनस की राशि खाते में जमा होने की जानकारी दे रहे हैं जो कि आश्चर्यजनक है ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26